

DBD
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

# दो बजे दोपहर




# सूरमाओं की अग्निपरीक्षा

## सियासी अखाड़े में दांव पर है दिग्गजों की प्रतिष्ठा

आज महाराष्ट्र के चुनावी नतीजे आने शुरु हो जाएंगे। बहरहाल, इस पड़ाव तक पहुंचने में सभी दलों को सीट शेयरिंग से लेकर उम्मीदवारों के नाम तय तरने तक काफी मशक्कत और माथी-पच्ची करनी पड़ी है। टिकट बंटवारे पर सियासी दल कलह, तूतू-मैमैं और बगावत से अछूते नहीं रहे हैं, किसी को कम किसी को ज्यादा लेकिन सभी को इनका सामना करना पड़ा है।

## फडणवीस और उद्धव ठाकरे के लिए नाक का सवाल

## शरद पवार-नाना पटोले की परीक्षा

**अमित बृज | मुंबई**

अधिकांश चुनाव सर्वेक्षण एजेंसियों और सट्टा बाजार के अनुमान दोनों राज्यों में एनडीए का पलड़ा भारी रहने का अनुमान जता रहे हैं। महाराष्ट्र में बीजेपी के नेता कहते हैं कि भाजपा विधायकों के मामले में राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बन सकती है। अजीत पवार की एनसीपी को सबसे कम सीटें मिल सकती हैं। ऐसा हुआ तो देवा भाऊ (देवेन्द्र फडणवीस) का महाराष्ट्र में अड्डा जमेगा और उनका प्रमोशन (मुख्यमंत्री) की कुर्सी मिल सकती है। हालांकि, शरद पवार के नेता कहते हैं कि इतनी जल्दबाजी भी ठीक नहीं है। एनसीपी शरद पवार गुट के अनिल देशमुख को भरोसा है कि सरकार महाविकास अघाड़ी की ही बनेगी। इस बार के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के नेता नाना पटोले के भी कौशल का फैसला होना है। बालासाहब थोराट की टीम भी चुनाव नतीजे पर नजर गड़ाकर बैठी है।

### अजित पवार का क्या होगा?

राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि अजीत पवार की पार्टी के एक दहाई प्रत्याशी जीत जाएं तो बड़ी बात है। अजीत पवार के राजनीतिक कैरियर को बड़ा नुकसान हो सकता है। लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं है कि शरद पवार की पार्टी को बहुत अधिक सीटें आने की संभावना है। इस बार कांटे की लड़ाई हुई है। अजीत पवार की पार्टी जहां छठवें नंबर पर रह सकती है, वहीं शरद पवार का दल तीसरे या चौथे नंबर पर रह सकता है।

### शरद पवार, उद्धव ठाकरे या फिर देवेन्द्र फडणवीस?

- शरद पवार चुनावी राजनीति में उतरने से दूरी बना रहे हैं। अब उनकी विरासत सुप्रिया सूले संभालेंगी। इसलिए इस बार का विधानसभा चुनाव उनके लिए सबसे अधिक अहम है। पार्टी को अच्छी संख्या में सीटें आई तो शरद पवार का महाराष्ट्र में रसूख बना रहेगा। 25 नवंबर से आरंभ हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र में उनके कद का असर दिखाई देगा।
- दूसरे नंबर पर उद्धव ठाकरे हैं। उनके सामने अब मनसे के राज ठाकरे होने से बचने की चुनौती खड़ी है। यह तभी संभव है, जब शिवसेना (उद्धव) चार दर्जन के करीब सीटें लेकर आए।
- दो नेताओं की नाक के बाद तीसरे नेता देवेन्द्र फडणवीस हैं। फडणवीस के महाराष्ट्र की राजनीति में दोस्त और दुश्मन बराबर हैं। फडणवीस ही वह नेता हैं, जिन्होंने दो बार अजित पवार को अपने खेमे में लाने में सफलता पाई। एक बार शिवसेना को तोड़कर एकनाथ शिंदे को साथ लेकर आए, लेकिन राज्य में सरकार बनने पर वह उपमुख्यमंत्री बना दिए गए। एकनाथ शिंदे के मंत्रिमंडल के एक बड़े भाजपा नेता का कहना है कि देवेन्द्र ने जितना पार्टी को दिया, उससे कहीं अधिक गुटबाजी बढ़ाई। जब तक वह महाराष्ट्र में रहेंगे, ऐसा होगा। देवेन्द्र फडणवीस अभी महाराष्ट्र की राजनीति छोड़ना नहीं चाहते। ऐसे में माना जा रहा है कि यह चुनाव उनके लिए भी नाक का सवाल है।

### सुबह 8 .50 को मिलेगा पहला रुझान

चुनाव आयोग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, राज्य के सभी 288 मतगणना केंद्रों पर सुबह 8 बजे एक साथ वोटों की गिनती शुरू होगी। करीब 40 मिनट में मतगणना का पहला चक्र पूरा होगा। इसलिए अनुमान लगाया जा रहा है कि 8 .50 तक पहला रुझान सामने आ जाएगा। एक अनुमान के अनुसार, मतगणना शुरू होने के बाद पांच से 6 घंटों में अधिकांश सीटों पर वोटों की गिनती पूरी कर ली जाएगी।

### शिवसेना को 'खेला' का डर

*शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने कहा कि महा विकास आघाडी (MVA) के घटक दलों ने महाराष्ट्र चुनाव के नतीजे आने के बाद अपने सभी नवनिर्वाचित विधायकों को मुंबई में एक साथ रखने का फैसला किया है। इस कदम का मकसद सरकार गठन के पहले किसी भी तरह के खरीद-फरोख्त के प्रयास को नाकाम करना है।*

### MVA अलर्ट मोड पर

चुनाव परिणाम से पहले महा विकास आघाड़ी में हलचल बढ़ गई है। एक दिन में दो सीक्रेट बैठक हुई है। गुरुवार को हयात होटल में पहली बैठक हुई थी फिर मातोश्री में बैठक हुई। बैठकों में चुनाव परिणामों से पहले सरकार बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई। कांग्रेस को इस चुनाव में MVA में सबसे बड़ी पार्टी बनने की उम्मीद है। MVA छोटी पार्टियों और कुछ निर्दलीयों को साथ लाने की कोशिश में भी लगी है। अगर कुछ सीट कम पड़ी तो कैसे सरकार स्थापित किया जाए? छोटे दल और निर्दलीय के लिए क्या प्रस्ताव रखा जाए इस पर चर्चा हुई है।

### हम सत्ता में रहना चुनेंगे : प्रकाश आंबेडकर


उधर, वंचित बहुजन आघाड़ी के प्रमुख प्रकाश आंबेडकर ने ट्वीट कर साफ कर दिया है कि जो भी सरकार बनाएगी उस बहुमत को समर्थन देकर वो साथ आएंगे चाहे वो MVA हो या महायुति। हम सत्ता में रहना चुनेंगे।

### कांग्रेस को विधायकों के टूटने का खतरा

महाराष्ट्र चुनाव के नतीजे को लेकर कांग्रेस ने खास तैयारी की है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस विधायकों को सुरक्षित जगह भेजने की तैयारी कर रही है क्योंकि कांग्रेस को विधायकों के टूटने का खतरा है। इसके लिए विशेष विमान का भी इंतजाम किया गया है। कांग्रेस विधायक कर्नाटक भेजे जा सकते हैं। कांग्रेस निर्दलीय विधायकों से भी संपर्क करेगी।

### शरद पवार सक्रिय

मतगणना के मद्देनजर सभी उम्मीदवारों को मार्गदर्शन किया विधानसभा चुनाव की मतगणना आज सुबह 8 बजे शुरु होगी। उससे पहले सभी पार्टियों ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ( शरद पवार ) के प्रमुख शरद पवार ने शुक्रवार सुबह अपने सभी उम्मीदवारों से ऑनलाइन चर्चा की। इस बैठक में शरद पवार समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता जयंत पाटिल, सुप्रिया सुले ने सभी उम्मीदवारों को मतगणना के मद्देनजर मार्गदर्शन किया। इस समय नतीजे घोषित होने के बाद क्या करना है, इसे लेकर भी निर्देश दिए गए। इसको लेकर पुणे शहर के शरद पवार पार्टी के उम्मीदवार ने बताया कि शरद पवार साहब ने मतगणना को लेकर मार्गदर्शन किया। चुनाव नतीजे घोषित होने तक मतगणना केंद्र न छोड़ने को कहा। साथ ही नतीजों की घोषणा के बाद विजयी उम्मीदवारों को क्षेत्र में 3 से 4 घंटे में रैली निपटाकर तुरंत मुंबई पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं।



### राष्ट्रपति शासन से बचने की कोशिश

विधानसभा चुनाव में महाविकास आघाडी और महायुति के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। इसी कारण चुनाव के नतीजों घोषित होने से पहले दोनों ओर से सरकार बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। वरिष्ठ नेता शरद पवार ने अपने सभी उम्मीदवारों को एग्जिट पोल का टेन्शन न लेंने की हिदायत दी है। महाविकास आघाडी को स्पष्ट बहुमत मिलेगा, मविआ की कुल 157 सीटें आएगी, ऐसा उन्होंने उम्मीदवारों को बताया। महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद सरकार बनाने के लिए केवल 72 घंटो का समय मिलेगा। इसी कारण महायुति समेत महाविकास आघाडी की ओर से चुनाव नतीजों की घोषणा से पहले ही निर्दलीय उम्मीदवारों समेत छोटे घटक दलों को संपर्क किया जा रहा है। अगर महाविकास आघाडी को बहुतम मिला तो, 26 तारिख को ही शपथ लेने की कोशिश होगी। क्योंकी राज्य में राष्ट्रपती शासन ना लगें, इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

### 6,500 काउंटिंग टेबल तैयार

मतगणना के लिए 6,500 काउंटिंग टेबल तैयार है। 4,000 के आसपास ईवीएम टेबल और 2500 टेबल पर डाक मत पत्रों की गिनती होगी। मतदान केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई है। बिना अनुमति के कोई भी व्यक्ति मतगणना केंद्र के अंदर नहीं जा सकता। प्रत्येक टेबल पर उम्मीदवार के काउंटिंग एजेंट जा सकते हैं। चुनाव की पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी की निगरानी में होगी।




### काउंटिंग की तैयारियां पूरी, सुरक्षा कड़ी

राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार 288 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 288 मतगणना केंद्र और नांदेड़ लोकसभा क्षेत्र के लिए एक मतगणना केंद्र स्थापित किए गए हैं। विधानसभा चुनाव की मतगणना के लिए 288 मतगणना निरीक्षक और नांदेड़ लोकसभा क्षेत्र के लिए दो मतगणना निरीक्षक नियुक्त किए गए हैं। सील किए गए स्ट्रांग रूम को पर्यवेक्षकों और उपस्थित उम्मीदवारों या उनके प्रतिनिधियों के सामने खोला जाएगा और ईवीएम को मतगणना केंद्र पर ले जाया जाएगा।



## कंफ्यूजन ही कंफ्यूजन, सोल्यूशन का पता नहीं



# उल्हासनगर हत्याकांड की गुत्थी सुलझी

## मजाक- मजाक में मामा ने 3 साल की मासूम को मारा थप्पड़, हुई मौत तो शव जलाकर पहुंच गया थाने

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

महाराष्ट्र के उल्हासनगर हिल लाइन पुलिस स्टेशन के पास 3 दिन से लापता 3 साल की बच्ची की अधजली लाश मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप फैल गया है। पुलिस जांच में चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि यह हत्या लड़की के सगे मामा ने ही की हैं। इस मामले में हिललाइन पुलिस ने लड़की के मामा को गिरफ्तार कर लिया है, बच्ची के परिजनों और स्थानीय निवासियों में गहरा आक्रोश है।

### 18 नवंबर की रात लापता होने की रिपोर्ट दर्ज




18 नवंबर की रात करीब 11 बजे उसने हिल लाइन पुलिस थाने में बच्ची के माँ के साथ जाकर बच्ची के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी ।बच्ची की गुमशुदगी के बाद उसके परिजनों ने सोशल मीडिया पर बच्ची की तस्वीर साझा करते हुए लोगों से बच्ची के बारे में जानकारी देने की अपील की थी। लेकिन किसी कोई जानकारी नही मिली थी। 20 नवंबर बुधवार को मतदान का दिन था, बच्ची के मामा ने सबसे नजर से बचते बचाते अपनी पत्नी और रिक्शावाले मित्र के साथ मतदान के दिन शव को ठिकाने लगाने के लिए झाड़ियों में फेंककर जला दिया। गुरुवार को जब पुलिस की टीम लड़की की तलाश शुरू की तो लड़की का मामा अपनी पत्नी और रिक्शावाला दोस्त के साथ प्रेमनगर पहाड़ी पर पहुंच गए और उसने भी लड़की को ढूंढने का नाटक किया और जानबूझकर अपने रिक्शा चालक दोस्त को लड़की की तलाश के लिए उस स्थान पर भेजा, जहां लड़की को जलाया गया था और वह अपनी पत्नी के साथ दूसरे इलाके में लड़की को ढूंढने का नाटक करने लगा। इस बीच, रिक्शा चालक के दोस्त को लड़की का शव मिला, तो उसने लड़की के परिवार और पुलिस को सूचित किया। लेकिन पुलिस को शक हुआ, तो उन्होंने रिक्शा चालक और लड़की के मामा को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने पूछताछ शुरू किया तो उन्होंने अपना अपराध कबूल कर लिया। लेकिन हमने हत्या के इरादे से यह गुनाह नहीं किया, बल्कि अनजाने में मस्ती मस्ती में भांजी को मारा और उसका सिर गमले से टकरा गया और उसकी मौत हो गयी थी। साथही मामा ने पुलिस के सामने कबूल किया कि उसने घबराकर उसके शव को छिपा दिया और बाद में उसे ठिकाने लगाने की कोशिश की। उल्हासनगर के पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे के मुताबिक, इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और शुक्रवार को उसे अदालत में पेश किया गया।

### मस्ती- मस्ती में मारा थप्पड़

उल्हासनगर-तीन क्षेत्र की 3 साल की बच्ची की गुमशुदगी की शिकायत 18 नवंबर की रात करीब 11 बजे हिल लाइन पुलिस थाने में दर्ज कराई गई थी। मृतक बच्ची अपनी मां और दो बहनों के साथ उल्हासनगर के कैंप 5 के प्रेमनगर हिल इलाके में रहती थी। सोमवार को घर में खेलते समय मामा ने उसे मस्ती- मस्ती मार दिया, जो सीधे बच्ची के पेट पर लगा वह जमीन पर गिर गई और सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। इससे घबराकर लड़की के मामा ने उसका शव छिपा दिया।

# एक्टिवा ने बुजुर्ग को उड़ाया

## आरोपी बेटे सहित पिता के खिलाफ मामला दर्ज

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**




एक नाबालिग लड़के द्वारा तेज रफ्तार से स्कूटर चलाकर बुजुर्ग व्यक्ति को टक्कर मार जख्मी करने की घटना सामने आयी है। इस मामले में उल्हासनगर पुलिस ने एक नाबालिग लड़के को हिरासत में लिया है, पुलिस ने आरोपी लड़के के साथ-साथ उसके पिता के खिलाफ भी मामला दर्ज कर लिया है क्योंकि यह जानते हुए भी कि वह नाबालिग है, उसे उसके पिता ने स्कूटर चलाने की इजाजत दी थी।

### पूरा मामला समझें

बुधवार रात करीब 10 बजे उल्हासनगर -1 इलाके के कोणार्क रेजीडेंसी, सी ब्लॉक में मुख्य सड़क के पास निरंजन हरेशलाल ठाकुर (62) अपने घर की ओर सड़क पार कर रहे थे, तभी एक सुजुकी बर्गमैन स्कूटर तेजी से आ रहा था ।जिस पर से 14 वर्षीय वाहन चालक कार्तिक का नियंत्रण खो दिया और स्कूटर ने बुजुर्ग निरंजन को टक्कर मार दी ।इस हादसे में निरजंन गंभीर रूप से घायल हो गए। निरंजन के बेटे नितेश ठाकुर ने उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस ने कार्तिक केस दर्ज कर लिया. पुलिस जांच में पता चला कि कार्तिक नाबालिग था और उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था और नाबालिग होने के बावजूद लड़के को उसके पिता ने स्कूटर चलाने की इजाजत दी थी। पुलिस उपनिरीक्षक राहुल पाटिल आगे की जांच कर रहे हैं।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्ट्रांग रूम में घुसने की कोशिश की

## नतीजों से पहले भाजपा पर रोहित पवार का गंभीर आरोप

**डीबीडी संवाददाता | कर्जत**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए 20 नवंबर को मतदान हुआ और 23 नवंबर को मतगणना होगी। वोटिंग के बाद ईवीएम को स्ट्रांग रूम में रखा गया है। मतगणना से पहले शरद पवार गुट के नेता रोहित पवार ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं पर ईवीएम से छेड़छाड़ करने के



लिए स्ट्रांग रूम घुसने का आरोप लगाया है। इससे अहिल्यानगर जिले में हड़कंप मच गया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नेता रोहित पवार ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के 25-30 कार्यकर्ताओं ने मध्य रात्रि में उस 'स्ट्रांग रूम' में घुसने की कोशिश की। इस स्ट्रांग रूम में कर्जत-जामखेड विधानसभा क्षेत्र की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) रखी हुई हैं।

### सीआरपीएफ जवानों ने स्थिति को संभाला

हालांकि, मेरे पार्टी कार्यकर्ताओं ने सीआरपीएफ जवानों के साथ मिलकर धैर्यपूर्वक स्थिति को संभाला और प्रयास को विफल कर दिया, जिसके लिए मैं उनका आभारी हूं।" राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) नेता ने दावा किया कि उन्होंने पुलिस से संपर्क किया, लेकिन भाजपा के प्रभाव में आकर पुलिस ने "सहयोग करने के बजाय हमें परेशान किया। चुनाव आयोग को इस मामले पर उचित संज्ञान लेना चाहिए। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया यह प्रयास गुंडागर्दी को दर्शाता है, क्योंकि वे आसन्न हार से डरे हुए हैं। हालांकि, अगले 24 घंटों के भीतर, कर्जत-जामखेड के लोग लोकतांत्रिक तरीकों से इस गुंडागर्दी को खत्म कर देंगे।"

### सोशल मीडिया पर दी जानकारी

अहिल्यानगर (पूर्व में अहमदनगर) जिले के कर्जत-जामखेड के मौजूदा विधायक रोहित पवार का मुकाबला भाजपा नेता और पूर्व मंत्री राम शिंदे से है। रोहित पवार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि "भाजपा के करीब 25-30 कार्यकर्ताओं ने अहिल्यानगर के कर्जत जामखेड में आधी रात को उस स्ट्रांग रूम में जबरन घुसने की कोशिश की जहां ईवीएम मशीनों को सुरक्षित रखा गया था।

# रविवार को मुंबई मंडल पर मेगा ब्लॉक

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मध्य रेलवे विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को पूरा करने के लिए 24।11।2024 को अपने उपनगरीय खंडों पर मेगा ब्लॉक संचालित करेगा।




### उपनगरीय सेवाओं का डायवर्जन

सुबह 09।57 बजे (कर्जत लोकल एस -17) से दोपहर 02।42 बजे तक (आसनगांव लोकल एएन -15) सीएसएमटी से प्रस्थान करने वाली डाउन फास्ट/सेमी फास्ट लोकल को ठाणे और कल्याण स्टेशनों के बीच डाउन स्लो लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा और इसके अलावा अपने संबंधित स्टेशनों की ओर मोड़ दिया जाएगा। निर्धारित ठहराव, कलवा, मुंब्रा और दिवा स्टेशनों पर रुकें और निर्धारित आगमन के 10 मिनट बाद गंतव्य पर पहुँचेगा। सुबह 10।28 बजे (अंबरनाथ लोकल ए- 26) से दोपहर 03।06 बजे तक (खोपोली लोकल केपी- 8) कल्याण से प्रस्थान करने वाली अप फास्ट/सेमी फास्ट लोकल को कल्याण और ठाणे स्टेशनों के बीच अप स्लो लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा और उनके अलावा संबंधित स्टेशनों की ओर मोड़ दिया जाएगा। निर्धारित स्टॉप, दिवा, मुंब्रा और कलवा स्टेशनों पर स्टॉप बनाए जाएंगे। इसे ठाणे स्टेशन पर अप फास्ट लाइन पर फिर से डायवर्ट किया जाएगा और निर्धारित आगमन समय से 10 मिनट देरी से गंतव्य पर पहुंचेगी।

### अप मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन

निम्नलिखित अप मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को कल्याण और ठाणे स्टेशनों के बीच अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा और निर्धारित समय से 10 से 15 मिनट की देरी से गंतव्य तक पहुंचेगी ।

### डाउन मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का बहिष्कार

एलटीटी-गोरखपुर एक्सप्रेस, एलटीटी-जयनगर एक्सप्रेस, एलटीटी-काकीनाडा एक्सप्रेस, एलटीटी-बरौनी एक्सप्रेस और एलटीटी-पटना जंक्शन एक्सप्रेस को ठाणे और कल्याण स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा और निर्धारित समय से 10 से 15 मिनट की देरी से चलेगी।

### मेल/एक्सप्रेस सेवाओं का डायवर्जन

एलटीटी डाउन 5वीं लाइन से प्रस्थान करने वाली मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को ठाणे और कल्याण स्टेशनों के बीच डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा ।एलटीटी/डीआर/सीएसएमटी अप छठी लाइन पर आने वाली मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को कल्याण और ठाणे स्टेशनों के बीच अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा।

# आरआरबी परीक्षा के उम्मीदवारों को मध्य रेलवे का तोहफा

## मुंबई और नागपुर के बीच 10 विशेष ट्रेन चलाई जाएंगी

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) द्वारा आयोजित परीक्षा के लिए जाने वाले उम्मीदवारों के लाभ के लिए मध्य रेल द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई और नागपुर के बीच 10 विशेष ट्रेन चलाई जाएंगी

### पूरी जानकारी

01103 आरआरबी स्पेशल 23.11.2024 से 27.11.2024 तक प्रतिदिन 15.30 बजे सीएसएमटी से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 10.50 बजे नागपुर पहुंचेगी ।01104 आरआरबी स्पेशल 24.11.2024 से 28.11.2024 तक प्रतिदिन 13.30 बजे नागपुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 04.10 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी।

ये ट्रेनें दादर, ठाणे, कल्याण, इगतपुरी,नासिक रोड, मनमाड, चालीसगांव, जलगांव,भुसावल, मलकापुर, जालंब, शेगांव, अकोला, मुर्तिजापुर,बडनेरा, धामनगांव और वर्धा में रुकेंगी।

# शास्त्रीनगर स्वास्थ्य केंद्र की भूखंड पर भू माफिया ने किया अतिक्रमण

## वरिष्ठ नागरिकों के बैठने की जगह पर भी कब्जा


**धर्मेंद्र उपाध्याय | ठाणे**



शास्त्रीनगर नंबर 1में मनपा के खाली भूखंड पर भू माफियाओं ने अनिधिकृत गाला बना दिया है। इस भूखंड पर मुख्यमंत्री के विशेष निधी से वरिष्ठ नागरिकों को बैठने के लिए और स्वास्थ्य केंद्र बनाने के लिए प्रस्ताव पूर्व नगरसेवक हनुमंत जगदाले ने मंजूर करवाया है। इसके लिए वर्क ऑर्डर भी निकल गया है। इस विषय पर उपायुक्त,वर्तक नगर सहायक आयुक्त के पास बार बार शिकायत दर्ज कराई गई है। इसके बावजूद भी मनपा अतिक्रमण विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं करने से शास्त्री नगर के रहिवासियों में रोष व्याप्त है। नगरसेवक जगदाले ने मनपा आयुक्त को निवेदन देकर भू माफियाओं पर मामला दर्ज करवाने के लिए और अनिधिकृत निर्माण कार्य को ध्वस्त कर भूखंड को खाली करवाने की मांग किया है।

# पुणे से दानापुर के लिए चलेंगी दैनिक विशेष ट्रेनें

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



रेलवे ने यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए पुणे-दानापुर विशेष दैनिक ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 01481 पुणे-दानापुर स्पेशल dinank 24।11।2024 से 23।12।2024 तक (30 ट्रिप) 19।55 बजे पुणे से रवाना होगी और तीसरे दिन 04।30 बजे दानापुर पहुँचेगी। ट्रेन संख्या 01482 दानापुर-पुणे स्पेशल 26।11।2024 से 25।12।2024 तक (30 ट्रिप) 6।30 बजे दानापुर से रवाना होगी और अगले दिन 17।35 बजे पुणे पहुँचेगी।

### यहां रुकेंगी ट्रेनें

दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर और आरा।


# झील में डूबने से दो किशोरों की मौत

## ▶▶ एक किशोर की तलाश जारी

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

ठाणे जिले से एक खबर आ रही है, जिसमें एक झील में दो किशोरों के डूबने की मौत सामने आ रही है। शुक्रवार को एक अधिकारी ने जानकारी दी कि दो किशोर झील में डूब गए है, जिसमें दो किशोरों की मौत हो गई और एक दोस्त लापता हो गया है। अधिकारी ने बताया कि किशोरों की उम्र 13-15 वर्ष थी। दोनों किशोर गुरुवार शाम नहाने के लिए भिवंडी में एक झील पर गए थे और इसी क्रम में वे डूबने लगे। स्थानीय लोगों से मिली सूचना के बाद दमकलकर्मी मौके पर पहुंच गए।

### स्कूल से लौटकर घूमने गए थे बच्चे



भिवंडी टाउन पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों किशोरों के साथ गए तीसरे किशोर की तलाश जारी है। मृतकों में 13 वर्षीय साहिल पीर मोहम्मद शेख, 14 वर्षीय गुलाम मुस्तफा अंसारी और दिलबर रज़ा शामिल हैं। गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे तीनों बच्चे स्कूल में छुट्टी होने के बाद घर लौटे।

स्कूल से लौटने के बाद तीनों घूमने के लिए बाहर निकल गए। जब वे देर शाम तक घर नहीं लौटे, तो परिवार के सदस्यों ने खोजबीन शुरू की। इस दौरान एक लड़के के भाई को जानकारी मिली कि तीनों बच्चे तैरानी के लिए वरहाल तालाब गए थे। शाम होते ही बच्चों की तलाश काफी देर तक की गई। लेकिन उनका पता नहीं चला। जिसके बाद परिजनों ने शांतिनगर थाने में बच्चों के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई। साथ ही फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी। जिसके बाद गुरुवार देर शाम तालाब में बच्चों के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया। इस दौरान 2 किशोरों की लाश मिली हैं। लेकिन, अंधेरा होने के चलते तीसरे बच्चे की तलाश रोकनी पड़ी।

# नसीम खान की रेकी करने के आरोप में पकड़े गए दो आरोपी

### पैसों के लिए कर रहे थे संपर्क

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई के पश्चिमी उपनगर साकी नाका में एक कांग्रेस कार्यालय के बाहर दो व्यक्ति रेकी कर रहे थे और अवैध । मुंबई के पश्चिमी उपनगर साकी नाका में कांग्रेस नेता नसीम खान के कार्यालय की रेकी करने के आरोप लगाया। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी कि ये दोनों रेकी के साथ-साथ धन के लिए उनसे संपर्क साधने की कोशिश कर रहे थे। इस आरोप में पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। साकी नाका पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि व्यक्तियों को हिरासत में लिए जाने के बाद गुरुवार को उन्हें रिहा कर दिया गया।

### पुलिस ने की पूछताछ



पुलिस ने दोनों को पूछताछ के लिए शुक्रवार को बुलाया और मामले की जांच की। जांच से पता चला कि दोनों फेरीवाले हैं और अपने व्यवसाय को लेकर वित्तीय मदद के लिए खान से मिलना चाहते थे। उन्होंने बताया कि इन लोगों ने कथित तौर पर कांग्रेस नेता के अंगरक्षक से बात कर उनके कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली थी, ताकि वे उनसे पैसे लेने के लिए मुलाकात कर सकें। अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को एक संदिग्ध को खान के कार्यालय की टोह और रेकी करते हुए पकड़ा गया, जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

### 15 नवंबर को आए थे मुंबई

उन्होंने बताया कि पुलिस ने व्यक्ति के पास से एक मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल जब्त की है। पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को बताया कि वह उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और 15 नवंबर को दो अन्य लोगों के साथ मुंबई आया था। अधिकारी ने बताया कि आरोपी कथित तौर पर खान की गतिविधियों पर नजर रख रहे थे और उन्होंने उनके कार्यालयों तथा चुनाव प्रचार परिसरों की रेकी भी की थी। उन्होंने बताया कि आगे की जांच जारी है। खान महाराष्ट्र चुनाव में चांदिवली विधानसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं।

# खार स्टेशन का सबसे बड़ा डेक बनकर तैयार

## जल्द ही किया जाएगा पश्चिम रेलवे को ट्रांसफर

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



बांद्रा और सांताक्रूज़ स्टेशन के बीच बसे खार स्टेशन से हर दिन 1.6 लाख लोग यात्रा करते है। यही वजह है कि पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की यात्रा को अधिक सुगम और आरामदायक बनाने के लिए इस छोटे से स्टेशन की कायाकल्प की है। पश्चिम रेलवे के सबअर्बन स्टेशनों में से अब खार स्टेशन का डेक सबसे बड़ा है, जो कि 197 + 34 मीटर लंबा और 22.60 + 10.60 मीटर चौड़ा एलिवेटेड डेक है। डेक पर कुल 2 बुकिंग ऑफिस और 1 टॉयलेट बनाया गया है। साथ ही इस डेक को चार एस्केलेटर्स और 4 लिफ्ट से भी जोड़ा गया है, जिनमें से 4 एस्केलेटर्स और 3 लिफ्ट बनकर तैयार है। बचा हुआ एक लिफ्ट का काम 15 दिसंबर 2024 तक पूरा किया जाएगा। यह काम एमआरवीसी द्वारा किया जा रहा है। अधिकारी ने बताया कि अधिकांश काम पूरा हो चुका है। इस डेक की वजह से यात्रियों का आवागमन आसान हो रहा है। इस डेक के कारण भीड़ पर भी आसानी से काबू पाया जाएगा। हालांकि, डेक के काम के साथ ही खार स्टेशन पर डाउन हार्बर लाइन के लिए 270 मीटर लंबा प्लैटफॉर्म बन चुका है और यात्रियों के लिए शुरू भी किया गया है। याद दिला दें, कि खार से बांद्रा टर्मिनस के बीच 44 मीटर लंबा फुटओवर ब्रिज पहले ही लोगों के लिए खोला जा चुका है, जिसकी लागत 4.55 करोड़ रुपए थी। इन सब के अलावा खार से बोरीवली छथि लाइन का काम भी चल रहा है। एमआरवीसी सीपीआरओ, सुनील उदासी ने कहा, "पश्चिम रेलवे के 7 और मध्य रेलवे के 10 स्टेशनों पर स्टेशन सुधार कार्य प्रगति पर हैं।

# कल्याण रेलवे स्टेशन पर नशे में धुत्त युवकों ने महिला से की छेड़छाड़

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**

कल्याण पश्चिम रेलवे स्टेशन के पास एक घटना घटी जहां नशे में धुत युवकों ने एक महिला के साथ छेड़छाड़ एवं मारपीट की। महिला ने बहादुरी से जवाब दिया और युवक को चांटा जड़ दिया। यह घटना स्टेशन के आसपास



सुरक्षा की कमी को उजागर करती है। स्टेशन क्षेत्र में बड़ी संख्या में अवैध ठेले और भुर्जी की दुकानें लगती हैं, जिससे भिखारियों को पैसा मिल जाता है, स्टेशन परिसर, भिखारी, गरदुल्लों, गुंडों, मवालियों का अड्डा बन गया हैं। हाल ही में एक तरफ जहां महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की घमासान जारी रही। कल जब राज्य में वोटिंग चल रही थी तो कल्याण में एक चौंकाने वाली घटना घटी।

### महिला ने जड़े थप्पड़

कल्याण पश्चिम रेलवे स्टेशन इलाके में नशे में धुत कुछ युवकों ने एक महिला के साथ छेड़छाड़ एवं बदसलूकी की। इसके बाद महिला ने युवक को थप्पड़ मारकर उसे अच्छा सबक सिखाया। घटना सुबह करीब साढ़े 5 बजे की है। इस घटना से कल्याण स्टेशन इलाके में महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा सामने आ गया है। कल्याण पश्चिम रेलवे स्टेशन इलाके में सुबह करीब साढ़े 5 बजे पति के साथ जा रही एक महिला के साथ छेड़छाड़ की चौंकाने वाली घटना सामने आई। महिला अपने पति के साथ उस जगह पर पूरी रात चलने वाली बुर्जी पाव गाड़ी पर नाश्ता कर रही थी।

### महिलाओं और यात्रियों को हो रही दिक्कत

कल्याण पश्चिम रेलवे स्टेशन परिसर में रात भर खुलेआम अनाधिकृत रूप से भुर्जी पाव की गाड़ी लगी रहती है। इन ठेलों, गाड़ियों पर बड़ी संख्या में नशेड़ी खाना खाने आते हैं। इससे क्षेत्र से आने-जाने वाले यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। खासकर महिलाओं को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### आधे घंटे चला हंगामा

उसी समय 5 से 6 नशेड़ियों ने उसे छेड़ा, बार-बार विरोध करने के बावजूद एक युवक ने महिला को धक्का दे दिया। दूसरे युवक ने महिला पर हमला कर दिया। इसके बाद गुस्साई महिला ने ज़ोरदार चांटा चढ़ दिया और युवक की खूब पिटाई कर दी। करीब आधे घंटे तक यही हंगामा चलता रहा। स्थानीय नागरिकों के हस्तक्षेप के बाद युवक मौके से भाग गये। लेकिन, ऐसी घटनाओं से पता चलता हैं कि स्टेशन क्षेत्र नशेड़ियों का अड्डा बन गया हैं। जंक्शन होने के कारण दूर दराज के शहरों और प्रदेशों से यात्रियों का काफी आवागमन रहता है।

# विनोद तावड़े का राहुल-खड़गे को 100 करोड़ का नोटिस

## माफी मांगें या कोर्ट कार्रवाई का सामना करें: तावड़े

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए पैसे बांटने का आरोप को लेकर भाजपा नेता विनोद तावड़े ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और सुप्रिया श्रीनेत को कानूनी नोटिस भेजा है। इस नोटिस में तावड़े के हवाले से कहा गया है कि ये तीनों नेता उनसे 24 घंटे के भीतर माफी मांगे नहीं तो उन्हें 100 करोड़ रुपये के मानहानि के दावे का सामना करना पड़ेगा। इस नोटिस को लेकर खुद भाजपा नेता विनोद तावड़े ने जानकारी दी है। तावड़े पर महाराष्ट्र की क्षेत्रीय पार्टी बहुजन विकास आघाड़ी ने मतदाताओं को लुभाने के लिए पांच करोड़ रुपये बांटने का आरोप लगाया था। पार्टी के कार्यकर्ता 19 नवंबर को मुंबई के एक होटल में तावड़े के कमरे में जबरन घुस गए थे। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तावड़े ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि चुनाव आयोग और पुलिस की जांच में कथित रकम बरामद नहीं हुई। कांग्रेस केवल झूठ फैलाने में विश्वास करती है और यह घटना मेरी व मेरी पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए विपक्षी दल की निम्न स्तर की राजनीति का सबूत है। खरगे, राहुल और कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने तावड़े के बहाने भाजपा पर राज्य में 20 नवंबर को हुए विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए धनबल का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था।



### नोटिस में क्या बोले विनोद तावड़े ?

नोटिस में तावड़े ने कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे, निराधार और गलत इरादे से लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि वह नकदी के बदले वोट विवाद में उनके खिलाफ दिए गए बयानों के लिए इन तीनों नेताओं से माफी मांगने की मांग करते हैं। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो वह उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही करने के लिए मजबूर होंगे। भाजपा नेता ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर भी कानूनी नोटिस का स्क्रीनशॉट शेयर किया है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर झूठ फैलाने और अपनी निम्न-स्तरीय राजनीति से देश को गुमराह करने का आरोप लगाया।

### 'शुरू करेंगे दीवानी कार्रवाई'

कांग्रेस नेताओं को नोटिस मिलने के 24 घंटे के अंदर 'बिना शर्त माफी' मांगने को कहा गया है। नोटिस 21 नवंबर को भेजा गया था और समाचार पत्रों में प्रकाशित व 'एक्स' पर पोस्ट किया गया था। नोटिस के मुताबिक, यदि राहुल, खरगे, सुप्रिया माफी नहीं मांगते हैं तो तावड़े भारतीय न्याय संहिता की धारा 356 (मानहानि से संबंधित) के तहत आपराधिक कार्रवाई और तीनों कांग्रेस नेताओं के खिलाफ 100 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति के लिए दीवानी कार्रवाई भी शुरू करेंगे।

### 'प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के इरादे से झूठी कहानी गढ़ी'

खरगे, राहुल और सुप्रिया को भेजे कानूनी नोटिस में दावा किया गया है कि इन लोगों को पता था कि वे खुद की गढ़ी गई 'झूठी कहानी' को फैला रहे हैं। नोटिस के मुताबिक कि आप (राहुल, खरगे, सुप्रिया) सभी ने जानबूझकर हमारे मुवक्किल की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के एकमात्र इरादे से जानबूझकर पैसे बांटने की कहानी गढ़ी। आप सभी ने समाज में सही सोच रखने वाले लोगों की नजर में उनकी (तावड़े की) छवि को खराब करने के लिए विभिन्न मीडिया पर झूठे और निराधार आरोप प्रकाशित किए। नोटिस में कहा गया कि कांग्रेस के नेता तावड़े की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए 'बहुत जल्दी' में थे और उन्होंने तथ्यों की जांच करने की जहमत भी नहीं उठाई या फिर सभी तथ्यों को जानने के बावजूद उन्होंने झूठे, निराधार आरोप लगाए।

### कांग्रेस का एकमात्र एजेंडा झूठ फैलाना

विनोद तावड़े ने इसके साथ ही कहा कि कांग्रेस का एकमात्र एजेंडा झूठ फैलाना है। मैंने नालासोपारा मामले में निराधार आरोपों के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और उनकी पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है। मेरी और भाजपा की छवि खराब करने की उनकी कोशिशों के बावजूद, सच्चाई साफ है। मामले में जिन पांच करोड़ रुपयों की बात की जा रही है वे चुनाव आयोग और पुलिस की जांच में कभी बरामद नहीं हुए। उन्होंने कहा कि यह मामला कांग्रेस की निम्न-स्तरीय राजनीति और देश को गुमराह करने की उनकी हताश कोशिशों को दिखाता है। साथ ही इससे पता चलता है कि भाजपा सच्चाई और लोगों के विश्वास के साथ मजबूती से खड़ी है।

### क्या है मामला ?

विधानसभा चुनाव के मतदान से पहले भाजपा पर पैसे बांटने का आरोप लगाते हुए बहुजन विकास अघाड़ी के नेता हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि, यहां चुनाव आयुक्त ने पैसों से भरा एक बैग और डायरियां बरामद की हैं। इसमें नामों की एक सूची है, जिसमें बताया गया है कि किसको कितना पैसा दिया गया है। एक भाजपा नेता ने मुझे बताया कि 5 करोड़ रुपये लाए गए हैं। कलेक्टर ने मुझे बताया है कि मुझे प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की भी अनुमति नहीं है। मुझ पर बहुत दबाव है। इन आरोपों के बीच एक चुनाव अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि होटल के कमरों से 9.93 लाख रुपये नकद बरामद किए गए।

# एमवीए में सीएम पद को लेकर खींचतान शुरू

- बैठक के बाद संजय राउत की गुगली
- जयंत पाटिल हो सकते हैं अच्छे ड्राइवर: राउत



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

विधानसभा चुनाव के परिणाम आने से पहले विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी (मविआ) में सीएम पद को लेकर खींचतान शुरू हो गई है। मविआ के प्रमुख घटक दल कांग्रेस में जहां प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले व वरिष्ठ नेता बालासाहेब थोरात सहित पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण इच्छुकों में सीएम पद की रेस में हैं, तो वहीं शिवसेना यूबीटी के पक्षप्रमुख व पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के लिए यूबीटी के सांसद व प्रवक्ता संजय राऊत जोरदार फील्डिंग करते रहे हैं। लेकिन राउत ने शुक्रवार को मविआ की बैठक के बाद शरद पवार की राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल के नाम की गुगली डालकर कांग्रेस को सकते में डाल दिया है।

### 'प्रकाश अंबेडकर पर करेंगे विचार'

राउत ने प्रकाश अंबेडकर के सरकार को समर्थन देने के दावे पर कहा कि वे एक ऐसे नेता हैं जो लोकतंत्र में विश्वास करते हैं। यदि उनके 50-60 विधायक चुने जाते हैं और यदि हमें जरूरत महसूस होगी तो हम उनका समर्थन जरूर लेंगे। राउत ने कहा, "वे महाराष्ट्र के एक महत्वपूर्ण नेता हैं और हम उन पर जरूर विचार करेंगे, हमने लोकसभा में भी कोशिश की, विधानसभा के लिए भी प्रयास किया, फिलहाल हम सत्ता में आ रहे हैं, इसलिए अंबेडकर हमारे साथ आएंगे।"

### बालासाहेब थोरात को जीत की पूरी उम्मीद

मविआ की बैठक को लेकर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बालासाहेब थोरात ने आगे कहा, " हमारे बीच केवल एक विषय पर ही महत्वपूर्ण चर्चा हुई है। 288 सीटों की समीक्षा करने के बाद, हमने देखा है कि महाविकास आघाड़ी सरकार निश्चित रूप से और आसानी से बन रही है। तस्वीर साफ है कि हमें कोई दिक्कत नहीं होगी। हमें कहीं हाथ-पांव मारने की भी आवश्यकता नहीं पड़ेगी। फिर भी यदि कोई हमारे साथ आता है तो हमें खुशी होगी।" उन्होंने कहा कि उनके लिए इस बार महायुति को सत्ता से हटाना जरूरी है।

### डेढ़ घंटे तक चली मविआ की बैठक

सांताक्रूज स्थित होटल ग्रैंड हयात में आयोजित मविआ की बैठक के दौरान राउत ने कहा कि जयंत अच्छे ड्राइवर हो सकते हैं। करीब डेढ़ घंटे तक चली मविआ की बैठक के बाद जयंत पाटिल, संजय राउत और बालासाहेब थोरात एक कार में पहले उद्धव ठाकरे से मिलने 'मातोश्री' पहुंचे और उसके बाद राकांपा नेता शरद पवार के सरकारी निवास 'सिल्वर ओक' के लिए रवाना हुए। इस दौरान कार का स्टीयरिंग जयंत पाटिल के हाथ में था। राउत ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि जयंत पाटिल भी अच्छे ड्राइवर हो सकते हैं। उनके इस बयान के बाद ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि जयंत पाटिल भी मविआ से सीएम पद का चेहरा हो सकते हैं।

# महाराष्ट्र चुनाव के नतीजों के बाद शरद पवार मारेंगे पल्टी: राणे

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



बीजेपी के सांसद व पूर्व मंत्री नारायण राणे ने शुक्रवार को यह कहकर सभी को सकते में डाल दिया कि चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद विपक्षी गठबंधन में शामिल राष्ट्रवादी नेता शरद पवार महाविकास आघाड़ी का साथ छोड़ सकते हैं। इसके बाद सियासी हलकों में यह चर्चा जोर पकड़ने लगी है कि क्या शरद पवार अपनी ख्याति के अनुरूप एक बार फिर से पलटी मार सकते हैं?

### 'शरद पवार महायुति से मिला सकते हैं हाथ'

नारायण राणे का दावा है कि विधानसभा नतीजों की घोषणा के बाद शरद पवार महायुति के साथ आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि शरद पवार दो तरह के हैं। वह अपनी पार्टी के विधायकों और राज्य के हित में किसी भी वक्त अपना ट्रैक बदल सकते हैं। वे किसी भी तरफ जा सकते हैं। वह उद्धव ठाकरे और कांग्रेस का छोड़ देंगे और सीएम एकनाथ शिंदे के साथ भी जा सकते हैं। ऐसा कहते हुए राणे ने दावा किया कि शरद पवार महायुति से हाथ मिला सकते हैं।

# चुनावी नतीजों से पहले बढ़ी नवाब मलिक की मुश्किलें

- समीर वानखेड़े पहुंचे हाई कोर्ट

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के नतीजे बुधवार को आएंगे। लेकिन राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता नवाब मलिक की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। चुनाव से पहले टिकट को लेकर नवाब मलिक को काफी मश्क्कत करनी पड़ी थी। अब रिजल्ट आने से पहले एक और मुसीबत उनके सिर पर आ गई है। आईआरएस अधिकारी समीर वानखेड़े ने नवाब मलिक के खिलाफ उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की है। इससे मलिक की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता नवाब मलिक के खिलाफ उत्पीड़न मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) जैसी स्वतंत्र एजेंसी से कराने के लिए बंबई उच्च न्यायालय का रुख किया है।



### क्या है मामला?

कर सेवा महानिदेशालय में अतिरिक्त आयुक्त एवं महार अनुसूचित जाति से आने वाले समीर वानखेड़े ने अपनी याचिका में आरोप लगाया कि मामले में पुलिस की निष्क्रियता के कारण उन्हें और उनके परिवार को मानसिक प्रताड़ना और अपमान झेलना पड़ा। आईआरएस अधिकारी समीर वानखेड़े ने अगस्त 2022 में गोरेगांव पुलिस में मलिक के खिलाफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज कराई थी।

### वानखेड़े ने नवाब मलिक पर लगाए आरोप

समीर वानखेड़े ने शिकायत में आरोप लगाया था कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता नवाब मलिक ने साक्षात्कारों और सोशल मीडिया पर वानखेड़े और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ जाति आधारित अपमानजनक टिप्पणी की। शिकायत में कहा गया कि इस मामले में नवाब मलिक को न तो गिरफ्तार किया गया है और न ही आज तक आरोपपत्र दाखिल किया गया है। 20 नवंबर को बंबई उच्च न्यायालय में दायर याचिका में समीर वानखेड़े ने दावा किया कि पुलिस ने अभी तक इस मामले की जांच नहीं की है। उन्होंने मामले को जांच के लिए सीबीआई को सौंपने का अनुरोध किया। आईआरएस अधिकारी ने अदालत की निगरानी में जांच कराने का अनुरोध किया। याचिका पर 28 नवंबर को सुनवाई होने की संभावना है।

# थप्पड़ कांड में बच्चू कडू बरी

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



मुंबई की एक विशेष अदालत ने महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री ओमप्रकाश उर्फ बच्चू कडू को 2011 में दक्षिण मुंबई में राज्य सचिवालय मंत्रालय में एक क्लर्क को थप्पड़ मारने के मामले में बरी कर दिया। सांसदों और विधायकों से संबंधित मामलों की सुनवाई करने वाले विशेष अदालत के न्यायाधीश एयू कदम ने अमरावती जिले के अचलपुर से एक निर्दलीय विधायक कडू को बरी कर दिया।

बता दें कि कडू प्रहार जनशक्ति पार्टी (पीजेपी) के प्रमुख हैं। वे राज्य में महायुति सरकार का समर्थन करते हैं। शिकायत के अनुसार, कडू ने जनवरी 2011 में मंत्रालय में सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग में काम करने वाले एक क्लर्क के साथ मारपीट की थी। उस पर कथित तौर पर एक व्यक्ति से पैसे मांगने का आरोप था। शिकायतकर्ता ने कहा कि विधायक ने कर्मचारी को थप्पड़ मारा और उसका हाथ पकड़कर उसे तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री सुरेश शेट्टी के निजी सहायक के केबिन तक ले गए। उन्होंने कहा कि डॉक्टर की नियुक्ति से उनका कोई लेना-देना नहीं है।

# नाबालिग ने हत्या करके लिया बदला

## लोकल ट्रेन में सीट को लेकर हुआ था विवाद

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई में लोकल ट्रेन में सीट को लेकर हुए झगड़े के एक दिन बाद 16 वर्षीय नाबालिग ने रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति की कथित रूप से चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने किशोर को हिरासत में लेने के साथ ही उसके बड़े भाई को भी गिरफ्तार कर लिया है। एक पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि कुर्ला रेलवे पुलिस ने बुधवार को किशोर को हिरासत में ले लिया था। हमले की यह घटना 15 नवंबर को मध्य रेलवे के घाटकोपर स्टेशन पर हुई थी। इससे एक दिन पहले किशोर का मृतक से सीट को लेकर विवाद हुआ था। जिसके बाद किशोर ने बदला लेने की नीयत से अगले दिन इस घटना के अंजाम दिया।



### विवाद के अगले दिन किया हमला

इस घटना के एक दिन बाद अंकुश अगली सुबह घाटकोपर जाने के लिए फिर से स्टेशन पहुंचे थे। यहां वे इसी ट्रेन को पकड़ने वाले थे और ट्रेन का इंतजार करते हुए प्लेटफॉर्म संख्या चार पर टहल रहे थे। इसी दौरान बदला लेने की नीयत से उसी किशोर ने अचानक अंकुश पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले से अंकुश बुरी तरह घायल हो गए। उन्हें राजावाड़ी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नाबालिग को हिरासत में लिया गया है। साथ ही उसके भाई को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने सबूत छिपाने में नाबालिग की मदद की थी। पुलिस की पूछताछ के दौरान नाबालिग ने हत्या की बात कबूल कर ली और बताया कि उसने चाकू अपने घर की छत पर छिपा दिया था। इतना ही नहीं, कोई उसे पहचान न पाए इसके लिए वारदात के बाद उसने अपने बाल भी कटवा दिए थे।

# जीत को लेकर कॉन्फिडेंट बालासाहेब थोरात



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने अपना जनादेश बुधवार को मतदान करके दे दिया था। जनादेश किसके पक्ष में जाएगा इसकी शनिवार को मतगणना के बाद घोषणा होनी है। महायुति और महाविकास अघाड़ी के नेता अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बालासाहेब थोरात ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और शिवसेना (यूबीटी) गठबंधन, महाविकास अघाड़ी की सरकार बनेगी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की मतगणना से पहले थोरात ने दावा किया कि "हमें राज्य में महाविकास अघाड़ी की अगली सरकार निश्चित रूप से और आसानी से बनाने में कोई कठिनाई नहीं होगी। हमारी संख्या इतनी अच्छी होगी कि हमें एमवीए गठबंधन के बाहर से समर्थन लेने की भी जरूरत नहीं पड़ेगी।"

**मध्य रेल**

**हाई प्रेशर जेट क्लीनिंग पाइप लाइन सिस्टम का प्रावधान**

**1 कार्य का नाम:** मुंबई मंडल के पनवेल स्टेशन पर हाई प्रेशर जेट क्लीनिंग पाइप लाइन सिस्टम का प्रावधान **2 अंदाजित मूल्य:** रु. 20,42,894 /- (रुपये बीस लाख बयालीस हज़ार आठ सौ चौरानवे मात्र) **3 बयाना राशि जमा:** रु. 40,900/- (रुपये चालीस हज़ार नौ सौ मात्र) **4 निविदा दस्तावेज शुल्क:** निशुल्क **5 निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय:** 11. 12. 2024 को 15:00 बजे तक **6** निविदाएं केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से ई-टेंडरिंग प्रारूप में स्वीकार की जाएंगी। निविदा दस्तावेज वेबसाइट में उपलब्ध है।

**खुली निविदा सूचना संख्या: सीआर - एमयुएमशुन्यमेक(एमसीटीडी)/5/2024/ आर टी 2 दिनांक: 19/11/2024**

टिकट के लिये UTS APP डाउनलोड करे 562

**मध्य रेल**

**शुद्धिपत्र संख्या. 1**

**निविदा सूचना नं. सीआर-बीबी-दु.सं.-2024-60**

निविदा सूचना नं. **सी आर-बी बी-दु.सं.- 2024-60** के लिये शुद्धिपत्र संख्या 1 जारी किया गया है। संशोधित निविदा दस्तावेज अपलोड कर दिया गया है। अन्य सभी विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं यह निविदा 15/06/2017 दिनांकित सार्वजनिक खरीद नीति (भारत में बनाओ) आदेश 2017 का अनुपालन करती है अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित ही रहेंगी।

टिकट के लिये UTS APP डाउनलोड करे 561

# बाबा सिद्दिकी मर्डर केस

## मजदूर का हॉटस्पॉट इस्तेमाल हुआ

### आरोपी आकाशदीप ने इसके जरिए मास्टरमाइंड अनमोल से बातचीत की

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और NCP अजित पवार गुट के नेता बाबा सिद्दिकी मर्डर केस में पुलिस ने नया खुलासा किया है। मुंबई पुलिस के मुताबिक पंजाब के फाजिल्का से गिरफ्तार आकाशदीप गिल ने मास्टरमाइंड अनमोल बिश्नोई और अन्य साजिशकर्ताओं से बात करने के लिए एक मजदूर के मोबाइल हॉटस्पॉट का इस्तेमाल किया था।



### बाबा सिद्दिकी की गोली मारकर हत्या

12 अक्टूबर की रात बांद्रा ईस्ट इलाके में बाबा सिद्दिकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वे अपने बेटे विधायक जिशान के ऑफिस के बाहर अपनी कार में बैठने जा रहे थे, उसी समय बाइक सवार हमलावारों ने उन पर फायरिंग कर दी थी। इलाज के दौरान देर रात करीब 11:30 बजे उनका निधन हो गया। मुंबई क्राइम ब्रांच के मुताबिक हमलावारों को हथियार और अन्य सुविधाएं आकाशदीप ने ही मुहैया करवाई थीं। पूछताछ में आकाशदीप ने बताया कि उसने पुलिस से बचने के लिए एक मजदूर का मोबाइल ऑन करवाया और अनमोल समेत अन्य लोगों से बातचीत की थी।

# आध्यात्मिक उपचार



**निशांत के. शर्मा**

न्यूमरोलॉजर, एस्ट्रोलॉजर, औरा एक्सपर्ट एंड वास्तु कंसल्टंट

मो. : 9305793058

भैरव बाबा का प्रिय भोग- काल भैरव की पूजा में उन्हें तिल व उड़द अर्पित किया जाता है। भैरव बाबा का प्रिय भोग इमरती, जलेबी, पान व नारियल है।

**सार्वजनिक सूचना**

मैं श्रीमती सुशीला मदन नेगी अपने पति कै.मदनसिंह हिरा सिंह नेगी के मालिकाना हक के घर जो कि ठाणे में 12/301, 3 रा मंजिल, विजय पार्क को. ऑ.हौसिंग सोसायटी, लि..घोड़बंदर रोड़, कासारवडवली, ठाणे (प.) 400615 (क्षेत्रफल 410 वर्गफूट ) में है रहती हूं। 23.12.2020 को मेरे पति का निधन हो गया। इसलिए यह रूम मैं अपने नाम (सुशीला मदन नेगी) हस्तांतरित कर रही हूं। अगर किसी को इस मामले में कोई आपत्ति है तो वह कृपा करके 15 दिन के अंदर उपर्युक्त पत्ते पर संपर्क करें।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



संपादकीय

# अडानी की मुश्किलें

एक बार फिर अडानी समूह की विश्वसनीयता को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। हालांकि, समूह ने हिंडनबर्ग के तीखे हमलों का मुकाबला बखूबी किया था, लेकिन इस बार उसे जटिल विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी अभियोजकों द्वारा दुनिया के सबसे अमीर लोगों में शुमार गौतम अडानी पर कारोबारी हितों के लिये रिश्वत देने के आरोप लगाये गए हैं। जिसके चलते समूह की कंपनियों के शेयरों में गिरावट देखी गई है। हालांकि, कारोबारी समूह ने रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के आरोपों को निराधार कहकर खारिज किया है। लेकिन अब अडानी समूह के पास लंबी कानूनी लड़ाई लड़ने के लिये खुद को तैयार करने के अलावा कोई विकल्प नजर नहीं आता। पहले से ही विपक्ष के निशाने पर रहने वाले गौतम अडानी और केंद्र सरकार के मुखिया के चर्चित रिश्तों को लेकर इस विवाद ने विपक्ष को एक नया हथियार दे दिया है। बहुत संभव है संसद के शीतकालीन सत्र में इस मुद्दे पर जमकर हंगामा हो। वहीं बचाव में उतरी भाजपा ने विपक्षी दलों के शासित राज्यों में अधिकारियों की बड़ी रिश्वतखोरी के मामलों की याद दिलायी। जबकि यह मामला भारत में रिश्वत देने से जुड़ा है तो इसकी तह तक जाने के लिये सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच वक्त की जरूरत है। निस्संदेह ऐसी किसी जांच के लिये न केवल केंद्र और राज्यों के बीच बल्कि भारत व अमेरिकी अधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल की जरूरत होगी। उल्लेखनीय है कि अडानी समूह द्वारा कथित रूप से स्टॉक बाजार में हेराफेरी के कथित आरोपों की भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड यानी सेबी द्वारा जांच की जा रही है। लेकिन सेबी की विश्वसनीयता को लेकर भी तब सवाल उठने लगे थे, जब हिंडनबर्ग द्वारा खुलासा किया गया था कि सेबी अध्यक्ष व उनके पति की विदेशों में कर वंचना के लिये चलायी जा रही अडानी समूह की ऑफशोर कंपनियों में हिस्सेदारी है। ऐसे में इस मामले में सेबी द्वारा निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की उम्मीद पर भी सवाल उठेंगे। इसके अलावा तमाम तरह के सवाल अमेरिकी अदालत द्वारा उठाये मुद्दों को लेकर सामने हैं। निस्संदेह, भारत सरकार को भी इस मामले में स्थिति स्पष्ट करने की जरूरत है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि अमेरिका में लगे आरोपों का अडानी समूह के अंतर्राष्ट्रीय निवेश पर कितना प्रभाव पड़ेगा। निश्चित रूप से अमेरिका में आपराधिक आरोप तय होना समूह के लिये एक बड़ा झटका है। लेकिन सवाल यह भी है कि भारत में दूसरे नंबर के अमीर व्यक्ति अडानी अमेरिका की नियामक कंपनियों व अदालत के निशाने पर क्यों हैं। निश्चित रूप से पिछले दशक में गौतम अडानी समूह ने अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाहों से लेकर पावर सेक्टर तक में तेजी से अपना कारोबार बढ़ाया है। वहीं दूसरी ओर गुरुवार को अडानी समूह ने इन आरोपों का खंडन किया कि अडानी ग्रीन एनर्जी ने सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया से आंध्र प्रदेश में आठ गीगावॉट सोलर पावर सप्लाई करने के टेंडर हासिल करने के लिये अधिकारियों को मोटी रिश्वत दी थी। बहरहाल, इस प्रकरण से अडानी समूह की वैश्विक महत्वाकांक्षा को झटका लग सकता है। रेटिंग एजेंसी मूडीज के मुताबिक भी, अडानी समूह के चेयरमैन व सीनियर अधिकारियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप तय होने के बाद समूह की कंपनियों की रेटिंग पर नकारात्मक प्रभाव होगा। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को बधाई देते हुए गौतम अडानी ने अमेरिका के ऊर्जा व इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में दस अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जतायी थी। जिसके अब खटाई में पड़ने की आशंका है। निश्चित रूप से भारत के रूस से गहरे होते रिश्तों व चीन से सुधरते संबंधों के बीच अमेरिका व कनाडा समेत पश्चिमी देशों में भारत को लेकर वक्र दृष्टि देखी जा रही है। अडानी प्रकरण को भी अमेरिका व भारत के बीच तल्खी के आलोक में देखा जा रहा है। अमेरिका ने इससे पहले आरोप लगाया था कि भारत सरकार के एक कर्मचारी ने न्यूयॉर्क में एक अमेरिकी नागरिक व सिख अलगाववादी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश रची थी। बहरहाल, अब देखना होगा कि ट्रंप की ताजपोशी के बाद दोनों देशों के

# 'फाइव आइज़' की निगहबानी में शामिल जापान



पुष्परंजन


हिन्द-प्रशांत में फाइव आइज़ को अपना व्यूह कैसे मज़बूत करना है, बुधवार को इसी सवाल पर एक महत्वपूर्ण बैठक टोक्यो में आयोजित हुई। जापान फाइव आइज़ का सदस्य देश नहीं है। इस बैठक के हवाले से चर्चा शुरू हो चुकी है, कि 'फाइव आइज़' को, 'सिक्स आइज़' बनाया जाये। क्या कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं? बुधवार की बैठक में यूएस ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ, इंडो-पैसिफिक कमांड और यूएस फोर्सेज (जापान) के वरिष्ठ सलाहकारों ने भाग लिया था। इसमें जापान के सेल्फ डिफेंस फोर्सेज (एसडीएफ) का प्रतिनिधित्व, ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के सलाहकार काई ओसामू ने किया था। यह दूसरी बार है, जब जापान ने 'फाइव आbज' की बैठक में भाग लिया है। इसी साल अक्तूबर में, 'एसडीएफ' ने पहली बार कनाडा में एक बैठक में शिरकत की थी, जिसमें जमीनी स्तर पर परिचालन व इंटेलिजेंस सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया था। फाइव आइज़ गठबंधन द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच स्थापित एक खुफिया नेटवर्क है। इसकी उत्पत्ति 1946 में यूके-यूएसए समझौते के बाद हुई, जिसका उद्देश्य सिग्नल इंटेलिजेंस (सिगनिट) को साझा करने के लिए एक सहकारी व्यवस्था के रूप में था। समय के साथ इस साझेदारी ने अपनी पहुंच बढ़ाई है, जो वैश्विक खुफिया और सुरक्षा संचालन का एक अभिन्न अंग बन गया है। जापान, पश्चिमी क्लब से कैसे तालमेल बैठाता है, यह सवाल चीन में बैठे रणनीतिकार करने लगे हैं। चीनी विशेषज्ञों ने गठबंधन में शामिल होने के लिए जापान की उत्सुकता के बारे में चेतावनी दी, लेकिन सुझाव दिया कि चूंकि फाइव आइज के सभी देश एंग्लो-सैक्सन मूल के हैं, इसलिए जापान 'एक बाहरी व्यक्ति' लगेगा। विश्लेषकों ने कहा कि यह समूह केवल अपने वर्चस्ववादी उद्देश्यों को पूरा करने के लिए जापान के अति उत्साह का उपयोग कर रहा है। 'चाइना फॉरेन अफेयर्स यूनिवर्सिटी' में जापानी अध्ययन केंद्र के उप निदेशक ज़ोउ योंगशेंग ने कहा कि फाइव आइज़ केवल खुफिया जानकारी साझा करने वाला समूह नहीं है, यह जातीय विरासत और सांस्कृतिक संबंधों को भी साझा करता है। लेकिन इसके विपरीत, जापान इन देशों के साथ समान जातीय और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि साझा नहीं करता है, जो इसे इस संदर्भ में 'बाहरी' बना देगा। लू चाओ लिआओनिंग, 'अकादमी ऑफ़ सोशल साइंसेज़' में रिसर्च फेलो हैं, उनका कहना है कि फिर से चुने गए जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा चीन के साथ नए सिरे से इंगेज हो रहे हैं, जो रियो डी जनेरो में भी दिख रहा था, लेकिन टोक्यो में फाइव आइज़ की बैठक के बाद जो कुछ शुरू होने जा रहा है, वह लीडरशिप के स्तर पर अविश्वास का सबब बन सकता है। इस तरह के रिएक्शंस, चीनी घबराहट को दर्शा रहे हैं। हिन्द-प्रशांत में आस्ट्रेलिया-न्यूज़ीलैंड की सक्रियता से चीन को कोई फ़र्क़ पड़ता नहीं दिख रहा था। ऑस्ट्रेलिया, जो चीन से 2,400 मील से अधिक दूर है, जापान, फिलीपींस और ताइवान जैसे इंडो-पैसिफिक ताक़तों के बरक्स कम असरदार है। चीन के बढ़ते मिसाइल शस्त्रागार, ग्रे ज़ोन आक्रामकता में वृद्धि और प्रशांत जलमार्गों में चीनी दादागीरी, फाइव आइज़ देशों के लिए चिंताजनक है। ये चिंताएं केवल सैद्धांतिक नहीं हैं। ऑस्ट्रेलिया, चीनी आर्थिक दबाव का शिकार रहा है। चीन ने अप्रैल 2020 और मई 2024 के बीच ऑस्ट्रेलिया के विभिन्न आयातों को प्रतिबंधित कर दिया था। लेकिन इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने चीन से पन्गा लिया था। कोविड में चीन ने जो गड़बड़ियां की थीं, उसकी जांच की मांग ऑस्ट्रेलिया ने ही की थी, जिसे अमेरिका ने बड़ा मुद्दा बना दिया था। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने इस बात पर जोर दिया है, कि ऑस्ट्रेलिया की रक्षा का तब तक कोई मतलब नहीं है, जबतक हम क्षेत्र की सामूहिक सुरक्षा को नहीं देखते। आने वाले दशकों में कैनबरा, रक्षा बजट में भारी वृद्धि करेगा। दस वर्षों के भीतर रक्षा व्यय को लगभग दोगुना करना लक्ष्य है। वर्ष 2024 में लगभग 35 बिलियन अमेरिकी डॉलर से शुरू डिफेन्स बजट, 2033 तक 66 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो जाना तय है। ऑस्ट्रेलियाई रॉयल नेवी के लिए परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियों के साथ- साथ प्रशिक्षण, खरीद और निर्माण करने की योजना शामिल है। ऐसी तकनीक, जिसे अमेरिका ने पहले केवल ब्रिटेन के साथ साझा किया था। प्रशांत क्षेत्र में चीनी आक्रामकता को रोकने के लिए अंडर वाटर क्षमताएं बढ़ाया जाना महत्वपूर्ण हैं। लेकिन, कुछ विशेषज्ञों का तर्क है कि अमेरिका को ऑस्ट्रेलिया की सहायता करने के बजाय, अपनी परमाणु पनडुब्बियों के अधिकाधिक निर्माण को प्राथमिकता देनी चाहिए। विचारणीय विषय यह भी है कि हिन्द-प्रशांत में क्या 'क्वाड' प्रभावशाली बन पाया? 'क्वाड' अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापानी गठजोड़ से निर्मित सुरक्षा-केंद्रित साझेदारी है। 2023 में, ऑस्ट्रेलिया भी अमेरिका, जापान और फिलीपींस के साथ सैन्य अभ्यास में शामिल हुआ, जिसका उद्देश्य अशांत दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस को चीन द्वारा डराने-धमकाने का मुकाबला करना था। इन सारी कवायद के बावजूद, कैनबरा अब भी पेइचिंग से भय खाता है। उसकी वजह चीन की अभेद जल घेराबंदी है। ऑस्ट्रेलिया की नई एनडीएस (राष्ट्रीय रक्षा रणनीति) 2024 एक बड़े क्षेत्रीय रुझान की झलक देती है। इस नेटवर्क में ताइवान को भी शामिल किया हुआ है। ताइवान ने पिछले आठ वर्षों में अपने रक्षा खर्च को लगभग दोगुना कर दिया है। इंडोनेशिया, जो ऐतिहासिक रूप से चीन के करीब है, उसने भी ऑस्ट्रेलिया के साथ रक्षा सहयोग समझौते के लिए खुलेपन के संकेत दिखाए हैं।

जीवन मंत्र

दलाई लामा

# यथार्थवादी नजरिया अपनाएं

मैं एक ऐसे व्यक्ति के रूप में आपसे यह कह रहा हूं, जिसने 16 साल की उम्र में अपनी आजादी खो दी, और 24 की उम्र में अपना देश खो दिया। नतीजतन, मैं निर्वासन में रह रहा हूं।




मनुष्य के तौर पर कुदरत से हमें एक अद्भुत उपहार मिला है- मानव बुद्धि! इस दुनिया में पैदा हरेक इंसान को यह क्षमता हासिल है कि वह दृढ़ निश्चयी बन सके और अपनी इच्छा से किसी भी दिशा में उस निश्चय का उपयोग करे। जब तक हम याद रखेंगे कि हमारे पास मानव-बुद्धि का अनुपम उपहार है और अपने अंदर दृढ़ संकल्प विकसित करने व उसके सकारात्मक उपयोग की हममें भरपूर क्षमता है, तब तक हम मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। हमारे पास ऐसी महान मानवीय क्षमता है, इस बात की स्वीकृति हमें असीम ताकत देती है। यह एहसास एक तंत्र के रूप में कार्य कर सकता है, जो हमें किसी भी कठिनाई से निपटने में सक्षम बनाता है, चाहे हम किसी भी स्थिति का सामना कर रहे हों। मैं एक ऐसे व्यक्ति के रूप में आपसे यह कह रहा हूं, जिसने 16 साल की उम्र में अपनी आजादी खो दी, और 24 की उम्र में अपना देश खो दिया। नतीजतन, मैं निर्वासन में रह रहा हूं। इस दौरान हम तिब्बतियों ने तिब्बती पहचान, अपनी संस्कृति और मूल्यों को जीवित रखने के लिए खुद को समर्पित कर दिया। अमूमन तिब्बत से आने वाली खबरें हृदय विदारक होती हैं, पर कोई चुनौती हार मानने का आधार नहीं देती। मुझे एक नजरिया बहुत उपयोगी लगता है, और वह यह कि यदि स्थिति या समस्या ऐसी है, जिसका समाधान किया जा सकता है, तो चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। दूसरे शब्दों में, यदि समस्या का कोई समाधान है, कठिनाई से बाहर निकलने का कोई रास्ता है, तो उचित यह है कि आप उस दिशा में कदम बढ़ाएं! समाधान पर अपनी ऊर्जा खर्च करना ही अक्लमंदी है। यदि समस्या का कोई समाधान नहीं है; समाधान की कोई संभावना नहीं है, तो इसके बारे में चिंतित होने का कोई मतलब नहीं है, क्योंकि आप इसके बारे में वैसे भी कुछ नहीं कर सकते। ऐसे में, आप जितनी जल्दी इस बात को स्वीकार कर लेंगे, आपके लिए आगे बढ़ना उतना ही आसान होगा। इस जीवन-मंत्र का तात्पर्य है, समस्या का सीधे तौर पर सामना करना और यथार्थवादी दृष्टिकोण अपनाना। यथार्थवादी नजरिया और अपने लिए उचित प्रेरणा विकसित करना आपको भय व चिंता जैसी भावनाओं से बचा सकता है। यदि आप ईमानदार प्रेरणा विकसित करते हैं; यदि आप दया, करुणा और सम्मान के आधार पर मदद करने की इच्छा से प्रेरित हैं, तो आप किसी भी प्रकार का काम, किसी भी क्षेत्र में कर सकते हैं, बल्कि भयहीन होकर अधिक प्रभावी ढंग से कर सकते हैं। इस बात से न डरें कि दूसरे क्या सोचते हैं या आप लक्ष्य पाने में सफल होंगे या नहीं। अगर नाकाम भी हुए, तब भी आप संतुष्ट होंगे कि कम से कम कोशिश तो की!

जीवन ऊर्जा

मैनुअल दे फाया: जन्म 23 नवंबर 1876 — जन्म

# धैर्य प्रतिभा को कला में बदलता है

मैनुअल दे फाया, जन्म 23 नवंबर 1876 को कैडिज़, स्पेन में हुआ, स्पेनिश शास्त्रीय संगीत के प्रमुख संगीतकार थे। उन्होंने स्पेनिश लोक परंपराओं और शास्त्रीय संगीत को जोड़कर अद्भुत रचनाएं कीं। उनकी प्रसिद्ध रचनाओं में एल अमोर ब्रूजो और ला विडा ब्रेवे शामिल हैं। उनका निधन 14 नवंबर 1946 को अर्जेंटीना में हुआ।



संगीत आत्मा की धड़कन है। रचनात्मकता मौन के क्षणों में फलती-फूलती है। सादगी महानता की राह है। सामंजस्य भावनाओं की भाषा है। परंपरा नवाचार को प्रेरित करती है। हर धुन एक अनोखी कहानी सुनाती है। धैर्य प्रतिभा को कला में बदलता है। जुनून रचना में जान डालता है। सच्ची कला दिलों को हमेशा छूती है। किसी संस्कृति की आत्मा उसके संगीत में बसती है। एक नोट भी आत्मा को हिला सकता है। गिटार असीम संभावनाओं से बोलता है। संगीत दूरियों को पाटता और दिलों को जोड़ता है। महानता प्रामाणिकता में छिपी है। कला की यात्रा प्रेरणा से शुरू होती है। कला जीवन के सौंदर्य और संघर्ष को दर्शाती है। रचनात्मकता एक ऐसा उपहार है जो देखभाल से बढ़ता है।Bहर ध्वनि जीवन का सार लिए होती है। लय अस्तित्व की धड़कन है। नवाचार अतीत को समझने में निहित है। कला का सार वह व्यक्त करना है जो व्यक्त नहीं किया जा सकता। हर रचना उसके रचयिता का प्रतिबिंब होती है। समर्पण सपनों को हकीकत में बदल देता है। कला तब शाश्वत होती है जब वह भावनाओं को जगाती है। प्रतिभा विनम्रता के साथ खिलती है।

सक्सेस मंत्र

# परिस्थितियों को समझकर लें फैसला

हमारी सफलता या असफलता बहुत कुछ हमारे फैसलों पर निर्भर करती है। और हमारे फैसले हमारे सोचने के तरीके पर निर्भर करते हैं। हमारी सोच जितनी ठोस और गहरी होगी, जीवन भी वैसा ही होगा। यह तय करता है कि हम लोगों के साथ कैसे संवाद करते हैं। सूचनाओं का किस तरह इस्तेमाल करते हैं और विभिन्न परिस्थितियों में कैसा व्यवहार करते हैं। करियर की बात हो या दफ्तर की, अकसर हम सभी किसी न किसी क्षेत्र के विशेषज्ञ बनने का लक्ष्य बनाते हैं। फिर उसमें कुशल हो जाने के बाद एक ऐसी स्थिति आती है, जब हमारी उसके प्रति प्रतिबद्धता कम होने लगती है। धीरे-धीरे उससे इतर माहौल में असहज होने लगते हैं। यह असहजता हमारे निर्णयों के रूप में सामने आती है। किसी भी स्थिति में सही निर्णय लिया जाए, इसके लिए कुछ आधारभूत बातों को समझना होगा। कार्यस्थल पर गलत फैसले बहुत भारी पड़ते हैं। वहां तय समय में सही फैसले लेने के कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है-

**1- सामाजिक समझ**

सही फैसले लेने के संबंध में हमारी दिक्कत तब शुरू होती है, जब हमें यह स्पष्ट जानकारी नहीं होती कि चीजें काम कैसे करेंगी। सोच-विचार कर सही फैसले ले पाएं, इसके लिए जरूरी है कि आपको अपने क्षेत्र में विशेषज्ञता के साथ सामाजिक समझ भी होनी चाहिए है। यहां आपमें स्वयं को समझने और अपने आसपास के लोगों व चीजों को समझने की प्रवृत्ति होनी चाहिए। अपनी विचार प्रक्रिया को सही दिशा देने के लिए धैर्य के साथ एक-एक कदम आगे बढ़ाना होगा।

**2- प्राथमिकताओं की सोचें**

हमारे पास हर तरफ की सूचनाओं की भरमार होती है। इन सूचनाओं के ढेर में सही तथ्य को छांटने, मतलब की बातों को चुनने का केवल एक ही तरीका है। इस बात पर पूरी गंभीरता से विचार करें कि क्या मायने रखता है और क्या नहीं। ताकि आप सही फैसले ले सकें, खुद से प्रश्न पूछ सकें।

**3- वजह जानने की करें कोशिश**

आपकी किसी भी बात या निर्णय के पीछे स्पष्ट वजह नजर आनी चाहिए। इसलिए तर्क के साथ किसी भी चीज के होने की वजह को तलाशने की कोशिश करें। इससे आपका चीजों को लेकर तार्किक दृष्टिकोण बनेगा। यह आपको विभिन्न कारकों के बीच सही संबंध स्थापित करने और आपके विचारों को इस तरह बताने में मदद करेगा कि दूसरे आपके विचारों से सहमत हो सकेंगे।

शख्सियत — वालचंद हीराचंद


# भारतीय उद्योग के अग्रदूत



वालचंद हीराचंद, जिन्हें भारतीय उद्योग जगत के अग्रदूत के रूप में जाना जाता है, का जन्म 23 नवंबर 1882 को शोलापुर, महाराष्ट्र में एक व्यापारी परिवार में हुआ। बचपन से ही वे एक साहसी और दूरदर्शी व्यक्तित्व के रूप में पहचाने जाते थे। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा शोलापुर में पूरी की और जल्द ही व्यापार और उद्योग की दुनिया में कदम रखा।

वालचंद हीराचंद ने अपने जीवन का उद्देश्य भारत में औद्योगिक स्वराज स्थापित करना बनाया। उन्होंने न केवल भारतीय उद्योग को आधुनिक बनाया, बल्कि विदेशी कंपनियों के प्रभुत्व को चुनौती भी दी। उनके नेतृत्व में कई बड़ी परियोजनाएं शुरू हुईं, जिनमें से प्रमुख थीं हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL), माजगांव डॉक और वालचंद नगर इंडस्ट्रीज। 1920 के दशक में उन्होंने जहाज निर्माण के क्षेत्र में कदम रखा और भारत की पहली शिपयार्ड कंपनी ‟सिंधिया स्टीम नेविगेशन कंपनी‟ की स्थापना की। यह कंपनी उस समय भारत के जहाज निर्माण और समुद्री परिवहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का प्रतीक बनी। इसके बाद उन्होंने भारतीय विमान निर्माण के क्षेत्र में बड़ा योगदान दिया और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) की स्थापना की, जो आज भी देश की रक्षा और विमानन क्षेत्र में प्रमुख भूमिका निभा रही है। वालचंद हीराचंद का दृष्टिकोण सिर्फ उद्योगों तक सीमित नहीं था। उन्होंने अपने उद्यमों के माध्यम से सामाजिक और आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त किया। उनके द्वारा स्थापित वालचंद नगर इंडस्ट्रीज ने न केवल रोजगार सृजित किए, बल्कि स्थानीय लोगों के जीवन स्तर को भी ऊंचा उठाया। 18 अप्रैल 1953 को उनका निधन हो गया, लेकिन उनके विचार और कार्य आज भी भारतीय उद्योग जगत को प्रेरणा देते हैं। वालचंद हीराचंद का जीवन यह सिखाता है कि दूरदर्शिता, साहस और देशभक्ति के साथ असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। भारतीय उद्योग के इतिहास में उनका नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# घंटी से कृष्ण ने की गौरैया के परिवार की रक्षा



कुरुक्षेत्र के युद्धक्षेत्र को विशाल सेनाओं के आवागमन की सुविधा के लिए तैयार किया जा रहा था।
उन्होंने हाथियों का इस्तेमाल पेड़ों को उखाड़ने और जमीन साफ करने के लिए किया।
ऐसे ही एक पेड़ पर एक गौरैया अपने चार बच्चों के साथ रहती थी। जब उस पेड़ को उखाड़ा जा रहा था तो उसका घोंसला जमीन पर गिर गया, लेकिन चमत्कारी रूप से उसकी संताने अनहोनी से बच गई।
लेकिन वो अभी बहुत छोटे होने के कारण उड़ने में असमर्थ थे।
कमजोर और भयभीत गौरैया मदद के लिए इधर-उधर देखती रही। तभी उसने कृष्ण को अर्जुन के साथ वहा आते देखा।
वे युद्ध के मैदान की जांच करने और युद्ध की शुरुआत से पहले जीतने की रणनीति तैयार करने के लिए वहां गए थे।
उसने कृष्ण के रथ तक पहुँचने के लिए अपने छोटे पंख फड़फड़ाए और किसी प्रकार श्री कृष्ण के पास पहुंची।
हे कृष्ण, कृपया मेरे बच्चों को बचाये क्योकि लड़ाई शुरू होने पर कल उन्हें कुचल दिया जायेगा।
सर्व व्यापी भगवन बोलेः मैं तुम्हारी बात सुन रहा हूं, लेकिन मैं प्रकृति के कानून में हस्तक्षेप नहीं कर सकता।
गौरैया ने कहाः हे भगवान! मै जानती हूँ कि आप मेरे उद्धारकर्ता हैं, मैं अपने बच्चों के भाग्य को आपके हाथों में सौंपती हूं।
अब यह आपके ऊपर है कि आप उन्हें मारते हैं या उन्हें बचाते हैं।
काल चक्र पर किसी का बस नहीं है, श्री कृष्ण ने एक साधारण व्यक्ति की तरह उससे बात की, जिसका आशय था कि वहा ऐसा कुछ भी नहीं था जिसके बारे में वो कुछ भी कर सकते थे।




पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556


यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।


## भूलभुलैया

छोटू, मुन्नी और सोनू में से कोई एक ही फलों तक पहुंच सकेगा. तीनों उलझनों को देख कर बहुत परेशान हैं. तुम्हें तीनों की मदद करनी है, ताकि पता चल सके कि तीनों में कौन फलों तक पहुंच सके?




## खोजो 07 अंतर







उत्तर : बनी के हाथ वाले एग में स्पॉट, एग शेल, पर्पल एग, चूजे का अपर लिंब, डलिया से निकलता एग, लाफिंग बनी, दोनों चूजे के बीच एक एग.

## डॉट मिलाओ, चित्र बनाओ

इस तस्वीर में कुल 1 से 53 तक डॉट्स हैं, तुम्हें नंबर के अनुसार इन डॉट्स को मिलाना है. इन डॉट्स को पूरी तरह मिलाओ. फिर देखो कि कौन-सी आकृति बनती है. इसमें तुम रंग भी भर सकते हो.



# साधु की पुत्री



गंगा नदी के किनारे एक साधु रहते थे। वे न केवल विद्वान थे बल्कि उनके पास जादुई शक्तियाँ भी थीं।

एक दिन वे ध्यान में मग्न थे, तभी बाज की चोंच से एक चुहिया छूट कर उनके हाथों में आ गिरी। उसकी छोटी-सी पूँछ व काली चमकीली आँखें थीं। उन्हें वह बहुत अच्छी लगी पर घर ले जाने से पहले उन्होंने जादुई मंत्रों के प्रयोग से उसे एक लड़की में बदल दिया।

वे उस लड़की को घर ले जाकर पत्नी से बोले- "तुम हमेशा से संतान चाहती थीं न, तो लो आज से यही हमारी पुत्री है, इसे पूरी देखभाल व स्नेह से पालो।

साधु की पत्नी भी अपनी पुत्री को देख प्रसन्न हो उठी। वह उसे राजकुमारी की तरह पालने लगी। साल बीतते गए, नन्ही लड़की एक सुंदर युवती बन गई। जब वह अठारह वर्ष की हुई, तो साधु व उसकी पत्नी उसके लिए वर तलाशने लगे।

साधु ने कहा- 'मेरी बिटिया का विवाह ऐसे व्यक्ति से होना चाहिए, जो सबसे बड़ा हो। मेरे हिसाब से सूर्य ठीक रहेगा।' पत्नी ने भी हामी भरी। उन्होंने जादुई मंत्रों के प्रयोग से सूर्य को नीचे बुला लिया। उन्होंने उसे अपनी पुत्री से विवाह करने को कहा।

पर पुत्री ने पहले ही न कर दी। वह बोली- 'पिताजी! यह तो बहुत गरम है। मैं उससे विवाह करूँगी, जो इससे भी बेहतर हो।'

साधु निराश हो गए। उन्होंने सूर्य से कहा कि वे ही कोई वर सुझाएँ। सूर्य ने कहा- 'बादलों के देवता से बड़ा कौन होगा, उनमें तो मेरी किरणों को भी रोकने की शक्ति है।'

साधु ने बादलों को नीचे बुलाया व अपनी पुत्री से विवाह करने को कहा, पर इस बार फिर पुत्री ने मना कर दिया व बोली- "ये तो कितना बदसूरत है, मैं इससे विवाह नहीं कर सकती।" साधु ने बादल देवता से कहा कि वही कोई अच्छा वर सुझा दें। वे बोले- 'पवन देवता ठीक रहेंगे, वे तो मुझे भी अपने फूंक से उड़ा देते हैं।' साधु ने पवन देवता को बुला कर अपनी पुत्री से विवाह करने को कहा। पुत्री ने फिर इंकार कर दिया व बोली- 'मैं इससे शादी नहीं करूँगी। ये तो कहीं टिकते नहीं, हमेशा यहाँ-वहाँ भागते रहते हैं।' साधु ने पवन देव से पूछा- 'क्या मेरी पुत्री के लिए ऐसा वर हो सकता है, जो आपसे भी बेहतर हो?'

पवन देव ने कहा कि पर्वत देव मजबूत व ऊँचे हैं, वे मेरा भी रास्ता रोक देते हैं।

साधु ने पर्वत देवता से कहा कि वह उसकी पुत्री से विवाह कर लें। पुत्री ने फिर से मना कर दिया व बोली- 'ये तो बहुत लंबे, सख्त व कठोर हैं, मैं इनसे विवाह नहीं कर सकती, इनसे भी कोई बेहतर चाहिए।'

पर्वत देवता ने चूहे का नाम सुझाया। वे बोले- 'माना मैं काफी सख्त, मजबूत व ऊँचा हूँ, पर चूहे मुझमें भी आसानी से बिल बना सकते हैं।'


साधु ने चूहे को बुलाया, उसे देखते ही उसकी पुत्री खुशी से उछल पड़ी- 'हाँ पिताजी! यही तो है वह, मैं जिससे शादी करना चाहती थी!'

साधु ने सोचा- इसे ही किस्मत कहते हैं। यह एक चुहिया थी और एक चूहे से विवाह करना ही इसके भाग्य में लिखा है। उन्होंने जादुई मंत्रों के प्रभाव से पुत्री को फिर से चुहिया बना दिया। चूहा व चुहिया विवाह करके खुशी-खुशी रहने लगे।

**शिक्षाः**- कोई भी अपने मूल स्वभाव को नहीं बदल सकता।

पंचतंत्र की कहानी

# चालाक लोमड़ी



सालों पहले एक जंगल में गधा, लोमड़ी और शेर रहते थे। तीनों के बीच अच्छी दोस्ती हो गई। तीनों ने एक दिन बैठकर साथ में शिकार करने का विचार विमर्श किया। बाद में सबने मिलकर तय किया कि शिकार करने के बाद उसपर तीनों का बराबर हक होगा। ये फैसला लेने के बाद तीनों दोस्त शिकार के लिए जंगल की तरफ रवाना हो गए। वहां दूसरे जानवर की तलाश में जुट गए।

कुछ ही दूरी पर उन तीनों को जंगल में हिरण दिखाई दिया। एकदम तीनों ने हिरण पर झपट्टा मारने की कोशिश की। तीनों को देखते ही वो तेजी से दौड़ने लगा। दौड़ते-दौड़ते थककर हिरण कुछ देर के लिए रुक गया। तभी मौका देखकर शेर ने हिरण का शिकार कर दिया।

गधा, लोमड़ी और शेर तीनों काफी खुश हो गए। मरे हुए हिरण के तीन हिस्से करने के लिए शेर ने अपने दोस्त गधे को कहा। जैसा पहले तय हुआ था उसी हिसाब से गधे ने शिकार को तीन बराबर हिस्सों में बांट दिया। ये सब देखकर शेर को बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। वो गुस्से में जोर-जोर से दहाड़े मारने लगा। दहाड़ते-दहाड़ते शेर ने गधे पर हमला करके उसे अपने दांतों और पंजों से मार दिया और फिर दो हिस्से में बांट दिया।

लोमड़ी ये सब होते हुए चुप चाप देख रही थी। तभी शेर ने अचानक से लोमड़ी को कहा, चलो दोस्त अब तुम इस शिकार का अपना हिस्सा ले लो। लोमड़ी चालाक और समझदार दोनों ही थी। उसने बड़ी ही अकलमंदी के साथ हिरण के शिकार का तीन चौथाई हिस्सा शेर को दे दिया और खुद के लिए एक चौथाई हिस्सा ही बचाया।

इस तरह हुए शिकार के हिस्से से शेर काफी खुश हो गया। उसने हंसते हुए लोमड़ी से कहा, 'अरे वाह! तुमने एकदम मेरे मन का काम किया है। तुम्हारा दिमाग काफी तेज है।' इतना कहते ही शेर ने लोमड़ी से पूछा, 'तुम इतनी समझदार कैसे हो? तुम्हें कैसे पता चला कि मैं क्या चाहता हूं? तुमने इतना अच्छे से शिकार का हिस्सा लगाना कहा से सीखा है?'

शेर के सवालों का जवाब देते हुए लोमड़ी बोली, 'आप जंगल के राजा हैं और आपको कैसे हिस्सा लगाना है, ये समझना मुश्किल नहीं है। साथ ही मैंने उस गधे की हालत भी देख ली थी। उसके साथ जो कुछ भी हुआ उससे सीख लेते हुए मैंने ऐसी समझदारी दिखाई है।'

जवाब सुनकर शेर काफी खुश हुआ। उसने कहा कि तुम सच में बुद्धिमान हो।


**कहानी से सीख :** हम सभी को अपनी ही नहीं, बल्कि दूसरों की गलतियों से भी नई बातों को सीखना चाहिए। इससे हम वही गलती करने से और उसके नकारात्मक परिणामों से बच सकते हैं।

## पहेली

सड़क के विपरीत दिशा में हम दो भाई हैं, लेकिन हम एक दूसरे को कभी नहीं देखते। बताओ हम कौन हैं?

जवाब- आंखें

यदि तीन संतरे हैं और आप दो ले लेते हैं, तो आपके पास कितने बचेंगे?



जवाब- दो। (क्योंकि आपने दो लिया।)

एक पेपर पर एक रेखा खींचे। अब इसे छुए बिना, आप इस रेखा को कैसे लंबा करेंगे?

जवाब - आप इसके आगे एक छोटी रेखा खीच दें और यह लंबी रेखा बन जाएगी।



मैं एक फल हूं, मैं एक पक्षी हूं और मैं एक इंसान भी हूं। बताओ क्या हूं मैं?

जवाब- कीवी

मुझे खिलाओ और मैं जीवित रहूंगा, लेकिन मुझे पानी दोगे तो मैं मर जाऊंगा। बताओ मैं क्या हूं?

जवाब- आग



मैं सारा दिन इधर-उधर उड़ता हूं लेकिन कभी कहीं नहीं जाता। मैं क्या हूं?

जवाब- झंडा

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट से कार्य में रुकावट होगी।

**वृष** — व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। विवेक का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा। कोई बड़ी बाधा से सामना हो सकता है। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें।

**मिथुन** — बुद्धि का प्रयोग करें। आय में निश्चितता रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। लाभ होगा।प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें।

**कर्क** — नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। पुरानी व्याधि से परेशानी हो सकती है। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार वृद्धि होगी। समाजसेवा में रुझान रहेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**सिंह** — व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। स्वास्थ्य पर बड़ा खर्च हो सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। आय में कमी रहेगी।

**कन्या** — कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता रहेगी। नया उपक्रम प्रारंभ करने की योजना बनेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा।

**तुला** — किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। दूर से अच्छी खबर प्राप्त हो सकती है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। कोई बड़ा काम करने की योजना बनेगी। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर में अतिथियों पर व्यय होगा।

**वृश्चिक** — धर्म-कर्म में मन लगेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। निवेश शुभ रहेगा। प्रभावशाली व्यक्तियों से परिचय होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। राजकीय अवरोध दूर होंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**धनु** — संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर होगी। करियर बनाने के अवसर प्राप्त होंगे। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। पारिवारिक सहयोग से कार्य में आसानी होगी।

**मकर** — वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। सभी ओर से सफलता प्राप्त होगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लाभ होगा। आशंका-कुशंका के चलते कार्य की गति धीमी रह सकती है।

**कुंभ** — किसी पारिवारिक आनंदोत्सव में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे।

**मीन** — व्यवसाय ठीक चलेगा। मातहतों का सहयोग नहीं मिलेगा। कोई बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। पारिवारिक चिंताएं रहेंगी। मेहनत अधिक तथा लाभ कम होगा।

# अपने हस्तरेखा से जानें कब तक हो सकते हैं सफल?

शायद इसलिए लाखों युवा हर साल अपने सपने को साकार भी कर पाते है। लेकिन कही-कही बहुत से युवा कठिन परिश्रम के बाद भी सरकारी नौकरी पाने में असमर्थ रहते हैं।

कठिन परिश्रम के बाद भी सरकारी नौकरी नही पाने का कारण कुछ लोग अपने हाथ की रेखाओं को भी मानते हैं और ये कुछ हद तक सत्य भी है। जीवन में सफल होने के लिए कठिन परिश्रम के साथ-साथ भाग्य का भी होता है लेकिन इसमें सभी लोग विश्वास नही करते हैं लेकिन शास्त्रविद को माने तो आपके जीवन में जो कुछ भी हो रहा है वो आपकी हाथों की रेखाओं से सम्बंधित है तो आप कह सकते हो कि सरकारी नौकरी पाने में हस्तरेखा का भी बहुत महत्वपूर्ण योगदान है।


**इस रेखा से मिलती है सरकारी नौकरी**

हस्तरेखा विज्ञान में सरकारी नौकरी पाने के बहुत से पहलुओं के बारे में बताया है लेकिन वृहस्पति (Jupiter) एक सबसे महत्वपूर्ण हाथ की रेखा है जिसके कारण लोग सरकारी नौकरी पाने में सफल हो जाते हैं। हालाकिं ये सब एक आदमी की सोच पर भी निर्भर करता है अगर आप हस्तरेखा विज्ञान में विश्वास करते है तो इस लेख को अंत तक जरूर पढ़ें।



अगर आपके हाथ पर जीवन रेखा सीधा बृहस्पति के तरह जारी है और तर्जनी के पास रुकती है तो यह रेखा सरकारी नौकरी पाने एक अच्छा निर्देश देती है।

गुरु पर्वत से निकलने वाली रेखा जो जीवन रेख को सिर के तरह से जोड़ती है, भी एक सरकारी नौकरी पाने वालों लोगो के हाथों में पायी जाती है। हालाकिं बहुत से लोग ऐसे भी हैं जिनके हाथों में ये रेखायें नही हैं लेकिन वे सरकारी नौकरी पाने में सक्षम रहे हैं, ऐसे लोग हस्तरेखा विज्ञान के अनुसार अपवाद माने जा सकते हैं।



प्रियंका जैन
9769994439

**क्या होता है वृहस्पति?**

वृहस्पति, एक व्यक्ति के सफलता, धन और सम्पति, नाम, धर्म और आध्यात्मिकता और सुख को दर्शाती है। जिस व्यक्ति के हाथ में यह रेखा पायी जाती है, वे बहुत भाग्यशाली माना जाता है।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पॉन्सिबिलिटी है



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन

रांची। राष्ट्रीय विधि अध्ययन एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय रांची में 22 नवंबर से राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण कानून के तहत मूट कोर्ट प्रतियोगिता का आगाज हो गया है। प्रतियोगिता NUSRL के उपभोक्ता शोध और नीति विभाग की ओर से आयोजित की गई है। यह भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के सहयोग से हो रही है। प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिष्ठित विधि विद्यालयों के प्रतिभागी और न्यायिक विशेषज्ञ हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ। रणबीर सिंह, प्रो चांसलर, IILM गुरुग्राम, पूर्व कुलपति, NLU दिल्ली और NALSAR हैदराबाद शामिल रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता छात्रों में आत्मविश्वास पैदा करने के लिए जरूरी है।

### 6 साल से फरार महिला नक्सली गिरफ्तार

**लखीसराय।** जमालपुर एसटीएफ और लखीसराय के पीरीबाजार थाना की पुलिस के संयुक्त अभियान से छह वर्षों से फरार महिला नक्सली शीला कुमारी उर्फ फगुनी कोड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया है। नक्सली शीला को पीरीबाजार थाना क्षेत्र के बंगाली बांध गांव से गिरफ्तार किया गया है। महिला नक्सली शीला कुमारी पर मुंगेर के खड़गपुर थाना में एक, लड़ैयाटांड थाना में एक, पीरीबाजार थाना में दो, कजरा थाना में एक और चानन थाना में एक मिलाकर कुल छह मामले दर्ज हैं। वहीं फगुनी देवी नाम से लड़ैयाटांड थाना में दो और पीरीबाजार थाना में एक मामला दर्ज है। पुलिस इस गिरफ्तारी को बड़ी कामयाबी मान रही है।

### प्रतिबंधित मांस ले जा रहे वाहन को लोगों ने पकड़ा

**गिरिडीह।** गिरिडीह में प्रतिबंधित मांस लेकर जा रहे एक टोटो को बाभनटोली और बरवाडीह के पास लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मामला दूसरा रूप लेने से पहले गिरिडीह नगर थाना पुलिस भी घटनास्थल पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई है और प्रतिबंधित मांस से लोड टोटो और उसके ड्राइवर को दबोच कर नगर थाना ले गई। वहीं अब उससे पूछताछ किया जा रहा है। पूछताछ के बाद उसे जेल भेजने की प्रक्रिया में पुलिस जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक, इस टोटो में प्रतिबंधित मांस ले जाया जा रहा था। टोटो में करीब तीन किलो प्रतिबंधित मांस लोड था। टोटो की दोनों सीटों में छिपाकर मांस बरवाडीह ले जाया जा रहा था। इस दौरान टोटो ने एक बच्चे को टक्कर मार दी। इसके बाद स्थानीय लोगों ने टोटो को घेर लिया। वहां मौजूद लोगों टोटो से कुछ बदबू आई तो लोगों को शक हुआ।

ज्ञानवापी मामला

# सुप्रीम सुनवाई के बाद मुस्लिम पक्ष को नोटिस जारी

▶▶ अगली सुनवाई 17 दिसंबर को

**एजेंसी । वाराणसी**

सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को ज्ञानवापी मामले से जुड़ी दो प्रमुख याचिकाओं पर सुनवाई हुई। हिंदू पक्ष ने एक नई याचिका दाखिल कर ज्ञानवापी के सीलबंद वजुखाने के क्षेत्र का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) से सर्वे करवाने की मांग की है।

### सीलबंद क्षेत्र पर ASI सर्वे की मांग



हिंदू पक्ष का दावा है कि वजुखाने के क्षेत्र में मिली ठोस संरचना एक शिवलिंग है। उनका कहना है कि इस क्षेत्र का सर्वे भी परिसर के अन्य हिस्सों की तरह जरूरी है, ताकि मंदिर की मौजूदगी से जुड़े और प्रमाण जुटाए जा सकें। सुप्रीम कोर्ट के 2022 के आदेश के चलते यह क्षेत्र फिलहाल सील है। हिंदू पक्ष ने इस आदेश में संशोधन की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर सुनवाई करते हुए मुस्लिम पक्ष, अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी, को नोटिस जारी किया है। मुस्लिम पक्ष को 15 दिनों में इस पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया गया है।

### 15 केस हाईकोर्ट ट्रांसफर करने की मांग

दूसरी याचिका पिछले महीने हिंदू पक्ष द्वारा दाखिल की गई थी, जिसमें ज्ञानवापी से जुड़े सभी 15 मुकदमों को इलाहाबाद हाईकोर्ट में ट्रांसफर करने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि इन सभी मामलों पर एकसाथ सुनवाई होनी चाहिए। ज्ञानवापी परिसर से जुड़े 9 मुकदमे वाराणसी जिला जज और 6 मुकदमे सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में लंबित हैं।

### अगली सुनवाई की तारीख

सुप्रीम कोर्ट ने इन दोनों याचिकाओं पर 17 दिसंबर को अगली सुनवाई निर्धारित की है।

### कानूनी मुद्दों पर उच्च अदालत से समाधान की मांग

याचिकाकर्ताओं का कहना है कि इन 15 मुकदमों में कई महत्वपूर्ण कानूनी और ऐतिहासिक प्रश्न उठते हैं, जैसे कि ऐतिहासिक तथ्यों की सत्यता, ASI की प्रक्रिया, हिंदू और मुस्लिम कानूनों की व्याख्या, और संविधान के अनुच्छेद-300ए से जुड़े मुद्दे।


# ऑनलाइन गेम खेलने से कर्ज में डूबा हेड कांस्टेबल

### एसएसपी आवास पर खुद को राइफल से मारी गोली, मौत

**एजेंसी । सहारनपुर**

कर्ज में डूबने पर हेड कांस्टेबल ने देहरादून रोड स्थित एसएसपी आवास पर खुद को राइफल से गोली मारकर जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना बृहस्पतिवार रात 11:30 बजे उस समय की है। जब एसएसपी शहर में गश्त पर निकले हुए थे। गोली की आवाज सुनकर आवास पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों में खलबली मच गई। मौके पर पहुंची जनकपुरी थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंपा। पुलिस जांच में सामने आया है कि हेड कांस्टेबल ऑनलाइन गेम में लाखों रुपये गंवा चुका था। लोगों से भी कर्ज लिया हुआ था। पुलिस ने मोबाइल को सीज कर जांच में जुटी है।

### पुलिस लाइन में परिवार के साथ रहता था सिपाही



मेरठ जिले के बहसूमा थानाक्षेत्र के मोहम्मद सकिस्त निवासी अमित कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह वर्ष 2011 में पुलिस में भर्ती हुए थे। हेड कांस्टेबल करीब तीन साल पहले सहारनपुर आया था और पत्नी शिल्पा और बेटी ईशू और बेटे समरजीत के साथ पुलिस लाइन में रहते थे। पुलिस लाइन में ही हेड कांस्टेबल की तैनाती चल रही थी। दो दिन पहले हेड कांस्टेबल अमित को रात की ड्यूटी में एसएसपी आवास पर सुरक्षा के लिए लगाया हुआ था। बृहस्पतिवार करीब 11:30 बजे एसएसपी शहर में गश्त पर निकले हुए थे। इसी दौरान हेड कांस्टेबल ने राइफल से सिर में खुद को गोली मारकर जीवन लीला समाप्त कर ली। गोली की आवाज सुनते ही आवास पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों में खलबली मच गई। सूचना पर पहुंची जनकपुर थाना पुलिस ने घटना की जानकारी ली। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंपा। इस मामले में परिजनों द्वारा कोई तहरीर तक नहीं दी गई। पुलिस ने हेड कांस्टेबल के परिचितों से बातचीत की तो ऑनलाइन गेम खेलने के बारे में जानकारी मिली। हेड कांस्टेबल ऑनलाइन गेम के चक्कर में लाखों रुपए के कर्ज में डूब चुका था।

# मनाई गई नेताजी की 85वीं जयंती

▶▶ याद किए गए स्व. मुलायम सिंह यादव

▶▶ सपा कार्यालय पर हुआ कार्यक्रम

**एजेंसी । आजमगढ़**

सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार को सपा संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की 85वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा फल वितरण के साथ ही रक्तदान किया गया। इसके बाद पार्टी कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। सबसे पहले सपा कार्यकर्ता मंडलीय अस्पताल पहुंचे जहां अस्पताल में भर्ती मरीजों में फल का वितरण किया। इसके बाद रक्तदान दुर्गेश यादव और कुणाल मौर्य के नेतृत्व में युवा संगठनों के कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। इस दौरान सांसद धर्मेंद्र यादव, जिलाध्यक्ष हवलदार यादव, पूर्व मंत्री दुर्गा प्रसाद यादव और जिला पंचायत अध्यक्ष विजय यादव मौजूद रहे।

### भावुक हुए धर्मेंद्र यादव



इसके बाद पार्टी कार्यालय में समाजवादी पार्टी के संस्थापक, देश के पूर्व रक्षा मंत्री, उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री, नेताजी मुलायम सिंह यादव जी की 85 वीं जयंती उनके मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई। आजमगढ़ सांसद धर्मेंद्र यादव नेताजी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि नेताजी दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं, छात्रों, नौजवानों, किसानों के हक और अधिकार दिलाने के लिए आजीवन संघर्ष करते रहे। उन्होंने हमेशा सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ी श्रद्धेय नेताजी के बताए रास्ते पर चलकर ही देश के हर व्यक्ति के चेहरे पर खुशहाली व तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ की जनता ने जिस तरीके से हमें सांसद बनाया है और जिस तरीके से मंदिर में पुजारी भगवान की सेवा करता है उसी प्रकार से मैं आजमगढ़ की जनता का सेवा करता रहूंगा। नेताजी के व्यक्तित्व व कृतिक को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके विचार सदियों तक अमर रहेंगे।

# वर्चस्व को लेकर बदमाशों ने पूर्व मुखिया प्रत्याशी को मारी गोली

▶▶ हत्या के बाद पिस्तौल लहराते हुए फरार

**एजेंसी । दानापुर**

बिहार की राजधानी पटना स्थित दानापुर दियारा में पूर्व मुखिया प्रत्याशी उदय कुमार की गोली मारकर हत्या (Murder) कर दी गयी है। यह घटना अकिलपुर थाना क्षेत्र के कासीमचक पंचायत के हरेशामचक देवी मंदिर के पास की है, जहां पर शुक्रवार को दिन दहाड़े बदमाशों ने पतलापुर के पूर्व मुखिया प्रत्याशी उदय कुमार को वर्चस्व को लेकर गोली मार दी, जिससे उनकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार, उदय कुमार शुक्रवार को हवसपुर से अपनी बाइक से दानापुर आ रहे थे, इसी दौरान बदमाशों ने हरेशामचक देवी मंदिर के पास उदय कुमार को सिर व पेट में गोली मार कर हत्या कर दी। इसके बाद बदमाश पिस्तौल लहराते हुए फरार हो गये।

### अपराधियों ने गोली मारकर की हत्या



मृतक शाहपुर थाना के हवसपुर दियारा का मूल निवासी है, और वर्तमान में वह दानापुर थाने के इमलीतल शाहटोली के पास पूरे परिवार के साथ रहता था। परिजनों ने बताया कि प्रखंड के उपप्रमुख का विरोध करता था, जिसके कारण उदय की गोली मार कर हत्या की गयी है। परिजनों ने बताया कि 2015 में मृतक के बडे भाई शंभु राय की हत्या कर दी गयी थी। वे अपने पुत्र की हत्या के मामले में गाभतल पीपी के घर पैरवी करने के लिए अपने बहनोई अधिवक्ता के साथ गये थे, जहां पर अपराधियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। घटना की सूचना मिलने पर अकिलपुर पुलिस पहुंच कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा है। वहीं पुलिस ने बताया कि 2022 में पतलापुर बाजार में करण कुमार की हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में पुलिस ने उदय को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। एक माह पूर्व जेल से जमानत पर रिहा हुआ था। पुरानी दुश्मनी को लेकर बदमाशों ने उदय को दो गोली मार कर हत्या कर दी है। मृतक के परिजनों के बयान के बाद आगे की कारवाई की जाएगी। अभी तक मृतक के परिजनों द्वारा बयान दर्ज नहीं कराया गया है।

### बिहटा सड़क हादसे में 4 स्कूली बच्चे की मौत

**पटना।** पटना से सटे बिहटा में सड़क हादसे में चार स्कूली बच्चे की मौत हो गई। इस घटना में आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के जख्मी होने की सूचना है। यह हादसा पटना से सटे बिहटा के विष्णुपुरा गांव के पास की है। स्थानीय लोगों के अनुसार तेज गति से आ रहे बालू लदे एक ट्रक ने सामने से आ रही ऑटो को टक्कर मार दिया। जिससे ऑटो में सवार 12 में से चार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि 8 को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऑटो चालक की भी स्थिति भी गंभीर बनी हुई है। इधर, सिटी एसपी का कहना है कि इस हादसे में तीन लोगों की मौत हुई है। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने ट्रक में तोड़-फोड़ करने के बाद उसमें आग लगा दिया है। इसके बाद सड़क जाम कर दिया है। मामले की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंचकर आक्रोशित लोगों को शांत करवाने का प्रयास कर रही है।

## व्यापार जगत

# सेंसेक्स में 5 महीने बाद करीब 2000 अंकों की उछाल

▶▶ निवेशकों की वेल्थ ₹7.25 लाख करोड़ बढ़ी

▶▶ अडाणी ग्रुप के 10 में से 6 शेयर्स चढ़े

**एजेंसी । मुंबई**

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी 22 नवंबर को सेंसेक्स 1961 अंक (2.54%) की तेजी के साथ 79,117 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 557 अंक (2.39%) की तेजी रही, ये 23,907 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 29 में तेजी और 1 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 49 में तेजी और 1 में गिरावट रही। निफ्टी मीडिया छोड़कर NSE के सभी सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त के साथ बंद हुए। आईटी और रियल्टी इंडेक्स सबसे ज्यादा चढ़ा।

### निवेशकों की वेल्थ 7.25 लाख करोड़ रुपए बढ़ी



शेयर बाजार में खरीदारी से निवेशकों की वेल्थ 7.25 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई। शुक्रवार, 22 नवंबर को BSE पर लिस्टेड कंपनियों का ओवरऑल मार्केट कैप 432 लाख करोड़ रुपए हो गया। 21 नवंबर को यह लगभग 425 लाख करोड़ रुपए था। 5 महीनों में शेयर बाजार की यह सबसे बड़ी रैली है। इससे पहले 3 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजों से एक दिन पहले सेंसेक्स 2,507 पॉइंट चढ़कर 76,468 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी 733 पॉइंट चढ़ा और 23,263 के स्तर पर बंद हुआ था।

### बाजार चढ़ने के 3 कारण

▶▶ आईटी स्टॉक्स में तेजी:
अमेरिका से मजबूत लेबर मार्केट डेटा के कारण निफ्टी आईटी इंडेक्स आज के कारोबारी सत्र में लगभग 3.29% बढ़ गया। टीसीएस, इंफोसिस और एम्फैसिस आईटी इंडेक्स के टॉप गेनर है। ये 3.5% से ज्यादा चढ़े हैं।

▶▶ निचले स्तर पर वैल्यू बाइंग:
शुक्रवार के कारोबार में निचले स्तरों पर वैल्यू बाइंग देखी गई, जिससे ब्लू-चिप बैंक शेयरों में तेजी आई। इंडेक्स हैवीवेट रिलायंस इंडस्ट्रीज, SBI, ICICI बैंक, जैसे लार्जकैप शेयरों में तेजी देखी गई।

▶▶ अडाणी स्टॉक्स में रिकवरी:
गुरुवार के कारोबार में बड़े नुकसान के बाद अडाणी ग्रुप की 10 कंपनियों के शेयरों में से 6 में तेजी देखने को मिली। अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज में आज 2% की तेजी रही।

# अडाणी ग्रुप पर अमेरिका में रिश्वत-धोखाधड़ी का आरोप

**एजेंसी । नई दिल्ली/न्यूयॉर्क**



### सेबी डिस्क्लोजर नियमों के उल्लंघन को लेकर जांच करेगी

सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया यानी SEBI अब अडाणी ग्रुप पर गलत जानकारी देने और निवेशकों को गुमराह करने के लिए जांच कर सकती है। मार्केट रेगुलेटर सेबी इस बात की जांच करेगी कि अडाणी ग्रुप ने बाजार में होने वाली एक्टिविटीज की जानकारी के डिस्क्लोजर के लिए अनिवार्य नियमों का उल्लंघन किया है या नहीं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, सेबी ने स्टॉक एक्सचेंजों के अधिकारियों से पूछा है कि क्या अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड रिश्वतखोरी के आरोपों में अमेरिकी न्याय विभाग की जांच का उचित रूप से खुलासा करने में विफल रही है?

### सेबी दो हफ्ते तक कर सकती है इस मामले की जांच

रिपोर्ट के मुताबिक, फैक्ट खोजने की प्रोसेस दो सप्ताह तक जारी रहने की उम्मीद है, जिसके बाद सेबी यह तय कर सकता है कि वह औपचारिक जांच शुरू करना चाहती है या नहीं। सेबी ने पहले भी डिस्क्लोजर मानदंडों जैसे मामलों के लिए अडाणी ग्रुप की जांच की है। हालांकि अभी तक निष्कर्षों का खुलासा नहीं किया है।

# जिंका लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस का शेयर 2.89% ऊपर 280.90 पर लिस्ट



**एजेंसी । मुंबई**

जिंका लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस लिमिटेड का शेयर 22 नवंबर को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर इश्यू प्राइस से 2.89% ऊपर 280.90 पर लिस्ट हुआ। वहीं, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) पर शेयर इश्यू प्राइस से 2.22% ऊपर 279.05 पर लिस्ट हुआ। जिंका लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस के IPO का इश्यू प्राइस 273 प्रति शेयर था। यह IPO 13 नवंबर से 18 नवंबर तक बोली लगाने के लिए ओपन था। यह IPO टोटल 1.87 गुना सब्सक्राइब हुआ था। रिटेल कैटेगरी में 1.70 गुना, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (QIB) में 2.72 गुना और नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (NII) कैटगरी में 0.24 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

### ₹1,114.72 करोड़ का था जिंका लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस का इश्यू

जिंका लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस का ये इश्यू टोटल 1,114.72 करोड़ का था। इसके लिए कंपनी 550 करोड़ के 20,146,520 फ्रेश शेयर इश्यू किए। कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल यानी OFS के जरिए 564.72 करोड़ के 20,685,800 शेयर बेचे।

# 22 करोड़ से अधिक बैंक खातों में केवाईसी अपडेट नहीं

**एजेंसी । नई दिल्ली**

देश भर में करीब 22 करोड़ से अधिक बैंक खातों में नाउ योर कस्टमर (केवाईसी) अपडेट नहीं है। इनमें से करीब सवा 11 करोड़ जन-धन खाते हैं, जिनको लेकर वित्त मंत्रालय ने बैंकों को




निर्देश दिया है कि सभी बैंक विशेष अभियान चलाकर खाता धारकों की पुनः केवाईसी कराएं। अगर जरूरत पड़ती है तो अस्थाई कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए जो सिर्फ केवाईसी अपडेट कराने से जुड़े कार्य को देखें। मौजूदा में देशभर में 61 करोड़ से अधिक बैंक खाते निष्क्रिय हैं। इनमें 22 करोड़ से अधिक की केवाईसी अपडेट नहीं है। इसलिए मंत्रालय का मानना है कि अगर केवाईसी अपेडट हो जाती है तो निष्क्रिय पड़े करोड़ों बैंक खातों में लेनदेन शुरू हो जाएगी। देश में काफी लोग ऐसे हैं, जिन्हें जानकारी नहीं कि उनका बैंक खाता किस लिए बंद किया गया है। मौजूदा समय में देश भर में 236 करोड़ बैंक खाते हैं, जिनमें से एक बड़ी संख्या उन खातों की हैं जो निष्क्रिय हैं। जब आप अपना केवाईसी अपडेट कराते हैं तो आप बैंक को अपनी पहचान, पता और वित्तीय लेने-देने के बारे में पूरी जानकारी देते हैं। इससे बैंकों को यह सुनिश्चित करने में मदद मिलती है कि बैंक में लेनदेन कहां से और कम हो रहा है।

# सिल्वर ईटीएफ की परिसंपत्ति अक्टूबर में चार गुना हुई

**एजेंसी । कोलकाता**

सिल्वर ईटीएफ की प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियों में पिछले एक साल में उल्लेखनीय चार गुना वृद्धि देखी गई है। यह अक्तूबर 2024 में 12,331 करोड़ रुपए तक पहुंच गई, जो पिछले साल अक्तूबर में 2,844.76 करोड़ रुपए थी। इक्रा एनालिटिक्स ने कहा



कि घरेलू मुद्रास्फीति के दबावों और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच चांदी में निवेशकों की रुचि बढ़ी है। एजेंसी के अनुसार, 2022 में पेश किए गए सिल्वर ईटीएफ ने अपनी सुलभता और पारदर्शिता से खुदरा निवेशकों के बीच लोकप्रियता हासिल की है। अक्तूबर 2024 में सिल्वर ईटीएफ के तहत कुल 'फोलियो' की संख्या 215 प्रतिशत बढ़कर 4.47 लाख हो गई, जबकि एक साल पहले यह 1.42 लाख थी। इसी अवधि में शुद्ध प्रवाह सालाना आधार 24 प्रतिशत बढ़कर 643.10 करोड़ रुपए हो गया।

## कुल 17 विकेट गिरे; भारत 150 रन पर ऑलआउट, ऑस्ट्रेलिया- 67/7

# बैटर्स के लिए कब्रगाह बना पर्थ

एजेंसी | पर्थ

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का आगाज इससे बेहतर हो ही नहीं सकता था। पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच पर्थ स्टेडियम में आज से शुरू हुआ और दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी 67 रनों तक सात विकेट गंवा दिए थे, इससे पहले भारतीय टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले बैटिंग की थी और 150 रनों पर ऑलआउट हो गई। मैच के पहले दिन का हाल अगर समझना है, तो बस स्कोरकार्ड देख लीजिए आपको समझ आ जाएगा। पर्थ बैटर्स के लिए कब्रगाह बना वहीं तेज गेंदबाजों ने सुबह से लेकर शाम तक कहर मचाया। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने चार विकेट चटकाए, तो वहीं टीम इंडिया के स्टैंडइन कप्तान जसप्रीत बुमराह भी अभी तक चार विकेट ले चुके हैं। मैच के पहले दिन कुल 217 रन ही बने, जबकि 17 विकेट गिरे, जिसमें से 17 के 17 विकेट तेज गेंदबाजों ने ही चटकाए। भारत की ओर से अगर पहले दिन की बात करें तो बुमराह, नीतीश रेड्डी और ऋषभ पंत हीरो रहे। बुमराह ने 17 रन देकर चार विकेट चटकाए, नीतीश ने 41 रनों की पारी खेली और पंत ने 37 रनों का योगदान दिया। पर्थ टेस्ट मैच के पहले दिन की ये रही खास बातें-



### केएल राहुल का विवादित विकेट

केएल राहुल ने इस मैच में यशस्वी जायसवाल के साथ पारी का आगाज किया और अच्छे टच में नजर आए। उन्हें जिस तरह से आउट दिया गया, उसको लेकर भी काफी बवाल मचा। दरअसल थर्ड अंपायर ने उन्हें जब आउट दिया, तो इस बात का एविडेंस ही नहीं मिला कि गेंद ने केएल राहुल के बैट का किनारा लिया था। राहुल 74 गेंद पर 26 रन बनाकर आउट हुए और अगर वह इस तरह आउट नहीं दिए जाते तो क्या पता भारत की पारी में कुछ रन और जुड़ गए होते।

### नीतीश और राणा का डेब्यू

भारत की ओर से नीतीश रेड्डी और हर्षित राणा ने डेब्यू किया और दोनों ने अपने डेब्यू टेस्ट मैच में प्रभावित भी किया। नीतीश रेड्डी ने बैटिंग में उपयोगी रन बनाए, तो वहीं हर्षित राणा ने खतरनाक ट्रैविस हेड को पवेलियन का रास्ता दिखाया।

### पंत और नीतीश ने संभाला मोर्चा

भारत ने 73 रनों तक पहले छह विकेट गंवा दिए थे। एक समय लग रहा था कि भारत 100 रनों तक भी पहुंच पाएगा या नहीं, लेकिन पंत और नीतीश ने मिलकर स्कोर 128 रनों तक पहुंचाया। पंत 78 गेंदों पर 37 रन बनाकर आउट हुए, वहीं नीतीश ने 59 गेंदों पर 41 रन बनाए।

### बुमराह ने मचाई तबाही

बुमराह ने कभी भी ऑस्ट्रेलिया को खुलकर खेलने का मौका ही नहीं दिया। उन्होंने कसी हुई गेंदबाजी भी की और विकेट भी चटकाए। स्टीव स्मिथ को तो गोल्डन डक पर ही पवेलियन वापस भेज दिया। उस्मान ख्वाजा और डेब्यू टेस्ट खेल रहे नाथन मैकस्वीने को भी बुमराह ने ही पवेलियन भेजा।

## एक दशक में शूटिंग में बहुत प्रगति हुई : बिंद्रा



एजेंसी | गुड़गांव

बीजिंग ओलंपिक में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने कहा है कि पिछले एक दशक में देश में निशानेबाजी में काफी विकास हुआ है जिससे अब इस खेल में प्रतिभा की गहराई है। 42 वर्षीय बिंद्रा ने शुक्रवार को एक वीडियो में कहा, राष्ट्रीय और विश्व स्तर पर बहुत निशानेबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। यह दिखाता है कि एक दशक में इस खेल ने कितनी प्रगति की है। ऐसा भी समय रहा जब दो ओलंपिक में हम कोई पदक नहीं जीत पाए। लेकिन एथलीटों ने बहुत कुछ सीखा है, महासंघ ने बहुत कुछ सीखा है जिसके परिणामस्वरूप पेरिस में अच्छे परिणाम मिले।

## सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में, लक्ष्य बाहर

एजेंसी | शेनजेन

भारत के सात्विकसाइराज रांकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष युगल के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। लेकिन पुरुष एकल में लक्ष्य सेन आसानी से हारकर बाहर हो गए हैं। भारतीय जोड़ी ने शुक्रवार को यहां क्वार्टर फाइनल में डेनमार्क के किम एस्ट्रुप और एंडर्स स्कार्प रासमुसेन की दूसरी वरीय जोड़ी को लगातार गेम में शिकस्त दे दी।

## अभ्यास मैच के लिए बोलैंड ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एकादश में

एजेंसी | पर्थ

टेस्ट तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड को भारत के खिलाफ 30 नवंबर से कैनबरा में होने वाले दो दिवसीय अभ्यास मैच के लिए ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एकादश में शामिल किया गया है। मानुका ओवल पर गुलाबी गेंद से होने वाले इस मुकाबले में मेजबान टीम की कप्तानी हरफनमौला जैक एडवर्ड्स करेंगे। अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट नहीं खेल सके भारतीय कप्तान रोहित शर्मा यह अभ्यास मैच खेल सकते हैं। **ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एकादश टीम:** जैक एडवर्ड्स (कप्तान), चार्ली एंडरसन, माहली बीयर्डमैन, स्कॉट बोलैंड, जैक क्लेटन, एडेन ओकोनोर, ओली डेविस, जेडन गुडविन, सैम हार्पर, हान्नो जैकब्स, सैम कोंस्टास, लॉयड पोप, मैथ्यू रेनशॉ, जेम रियान।

## एडिलेड टेस्ट से पहले दिवंगत ह्यूज को श्रृद्धांजलि देंगे



एजेंसी | पर्थ

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया पूर्व क्रिकेटर फिलिप ह्यूज की त्रासद मृत्यु की 10वीं बरसी पर कई कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इसमें भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 6 दिसंबर से एडिलेड में होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले उन्हें श्रृद्धांजलि देना शामिल है। तीन शेफील्ड शील्ड मैचों के दौरान भी उन्हें श्रृद्धांजलि स्वरूप खिलाड़ी बांह पर काली पट्टी बांधकर खेलेंगे और झंडे आधे झुके रहेंगे। ऑस्ट्रेलिया के लिए 26 टेस्ट खेलने वाले ह्यूज को 2014 में अपने 26वें जन्मदिन से कुछ पहले एक घरेलू मैच में सीन एबॉट का बाउंसर सिर पर लगा था। उसके कारण उनकी मौत हो गई थी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकली ने कहा, हम सुनिश्चित करना चाहते थे कि ह्यूज का परिवार इसे लेकर सहज रहे और हम उनके जीवन और असाधारण उपलब्धियों का जश्न सही तरीके से मना सकें।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी

## खुद को साबित करने उतरेंगे शमी और हार्दिक समेत बड़े सितारे

- टी-20 टूर्नामेंट का आज से होगा आगाज
- आईपीएल नीलामी में फ्रेंचाइजियों को प्रभावित करने पर रहेंगी खिलाड़ियों की नजरें



एजेंसी | नई दिल्ली

टीम इंडिया की जहां एक ओर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अग्नि-परीक्षा शुरू हो गई है, वहीं दूसरी ओर हार्दिक पांड्या, मोहम्मद शमी समेत अन्य घरेलू क्रिकेटर शनिवार से टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खुद को साबित करने के लिए उतरेंगे। मौजूदा चैंपियन पंजाब के सामने खिताब बचाने की चुनौती होगी।

### शमी की नजर ऑस्ट्रेलिया पर

वहीं बंगाल के लिए खेल रहे शमी अपनी मैच फिटनेस साबित करना चाहेंगे जिन्होंने मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में सात विकेट लिए थे। उनकी नजरें ऑस्ट्रेलिया में चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाकी मैचों के लिए टीम में जगह बनाने पर लगी होंगी। इसके साथ ही आईपीएल नीलामी पर भी फोकस होगा चूंकि 34 वर्ष के शमी को गुजरात टाइटंस ने रिलीज कर दिया था। कोलकाता नाइट राइडर्स को आईपीएल 2024 खिताब दिलाने वाले श्रेयस अय्यर (मुंबई) और युज्वेंद्रा चाहल (हरियाणा) भी आईपीएल फ्रेंचाइजी को और प्रभावित करना चाहेंगे।

### नीलामी पर भी असर

इसके अलावा टूर्नामेंट के शुरुआती दो दिन खिलाड़ियों के प्रदर्शन का असर रविवार से होने वाली आईपीएल मेगा नीलामी पर भी पड़ सकता है। हालांकि हार्दिक को 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दा में होने वाली आईपीएल नीलामी को लेकर चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि मुंबई इंडियंस ने उन्हें टीम में बरकरार रखा है। शीर्ष क्रिकेटरों के व्यस्त नहीं होने पर घरेलू क्रिकेट खेलने की अनिवार्यता संबंधी बीसीसीआई की नीति के तहत पांड्या बड़ौदा के लिए खेलेंगे। उनका लक्ष्य फॉर्म में बने रहना और बड़ौदा को जीत दिलाने का होगा।

### प्रबंधन को प्रभावित करने का लक्ष्य

नीलामी से ठीक पहले का असाधारण प्रदर्शन टीम प्रबंधन को अधिक प्रभावित करता है। कुछ सत्र पहले तमिलनाडु के शाहरुख खान ने कर्नाटक के खिलाफ आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खिताबी जीत दिलाकर अपने दमा बढ़ा लिए थे। इस बार भी कई युवा खिलाड़ी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ना चाहेंगे जिनमें बंगाल के विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल, कर्नाटक के अभिनव मनोहर, राजस्थान के मानव सुतार शामिल हैं।

# लीग का आगाज 14 मार्च से, फाइनल 25 मई को





एजेंसी | नई दिल्ली

अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 14 मार्च से 25 मई के बीच होगा। इसके साथ ही बीसीसीआई ने शुक्रवार को आईपीएल टीमों को यह भी बता दिया है और 2026 तथा 2027 सत्र के लिए भी यही विंडो रखी गई है। टीमों को भेजे गए पत्र में बोर्ड ने कहा कि अगले तीन सत्र की तारीखें इसलिए साझा की गई है ताकि टीमों को खिलाड़ियों की नीलामी की रणनीति बनाने में मदद मिल सके। वर्ष 2026 में टूर्नामेंट 15 मार्च से 31 मई तक और 2027 में 14 मार्च से 30 मई तक होगा। तीनों साल फाइनल रविवार को खेले जाएंगे। जेद्दा में रविवार से होने वाली दो दिवसीय नीलामी में चोटों से जूझने वाले इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर, भारतीय मूल के अमेरिकी तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रवलकर और मुंबई के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज हार्दिक तामोर को भी शामिल करने का फैसला किया है।

# अभिषेक की अदाकारी के मुरीद हुए लोग

**पब्लिक रिव्यू**

**'आई वॉन्ट टू टॉक'**

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के बेटे और अभिनेता अभिषेक बच्चन की गिनती भारतीय सिनेमा के बेहतरीन अभिनेताओं में होती है। फिल्म दर फिल्म इंडस्ट्री में उनका कद बढ़ता जा रहा है। अब अभिषेक की फिल्म 'आई वॉन्ट टू टॉक' रिलीज हो गई है, जिसकी राह उनके प्रशंसक बड़ी बेसब्री से देख रहे थे। फिल्म देखकर लौट रहे दर्शक सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं और अधिकांश प्रतिक्रियाएं सकारात्मक हैं।



### सीट पर बैठे रहने के लिए मजबूर करती है फिल्म

प्रशंसक फिल्म के निर्देशक शूजित सरकार की भी तारीफ कर रहे हैं। एक ने लिखा, 'इस फिल्म को सुपर डुपर हिट होना चाहिए। अभिषेक ने फिल्म में बहुत धमाकेदार काम किया है।' एक अन्य ने लिखा, 'फिल्म में अभिषेक चमक रहे हैं। यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ फिल्म है। कमाल कर दिया।' एक यूजर ने फिल्म के क्लाइमैक्स की तारीफ करते हुए लिखा, 'यह ऐसी फिल्म है, जो आपको पूरे वक्त सीट पर बैठे रहने के लिए मजबूर करती है।'

### जीता लोगों का दिल

'आई वॉन्ट टू टॉक' की कहानी दर्शकों को पसंद आई है और वे इसे दिल छूने वाली फिल्म बता रहे हैं। अभिषेक के अभिनय की भी तारीफ हो रही है। कुछ लोग फिल्म के फर्स्ट हाफ की तारीफ कर रहे हैं तो कुछ को दूसरा भाग पसंद आ रहा है। एक यूजर ने लिखा, 'अभिषेक की यह फिल्म दिल को छूती है। इसे सिनेमाघरों में देखना मत भूलिए।

### क्या है फिल्म की कहानी?

'आई वॉन्ट टू टॉक' की कहानी अर्जुन सेन (अभिषेक) की है। वह मार्केटिंग का काम करता है और बहुत बोलता है, लेकिन अचानक उसकी जिंदगी में मुश्किलें दस्तक देती हैं और उसे गले का कैंसर हो जाता है। इसके बाद उसकी एक सर्जरी होती हैं। वह मौत को कैसे मात देता है और जिंदगी की जंग में कैसे जीतता है, यह फिल्म में दिखाया गया है। अहिल्या बमरू, बनिता संधू और जॉनी लीवर जैसे कलाकार भी फिल्म का हिस्सा हैं।


# 'बिग बॉस 18' में शिरकत करेंगी हिना खान



छोटे पर्दे की जानी-मानी अभिनेत्री हिना खान स्तन कैंसर से पीड़ित हैं, लेकिन खास बात यह है कि वह ये लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ रही हैं। हिना की हिम्मत और हौसला देखकर हर कोई उनकी तारीफ कर रहा है। इलाज के दौरान भी वह काम करने से पीछे नहीं हट रही हैं। अब खबर आ रही है कि हिना जल्द ही सबसे चर्चित और लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' में बतौर अतिथि नजर आने वाली हैं।

### प्रतियोगियों को प्रेरित करेंगी हिना

एक रिपोर्ट के मुताबिक, आने वाले 'वीकेंड का वार' के एपिसोड में हिना अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगी। उन्होंने अपने हिस्से की शूटिंग पूरी कर ली है। इस दौरान शो के होस्ट सलमान खान भी हिना के साथ मौजूद रहेंगे। कहा जा रहा है कि हिना शो के प्रतियोगियों से बातचीत और उन्हें प्रेरित करती नजर आएंगी। बता दें कि हिना 'बिग बॉस 11' में नजर आ चुकी हैं और वह इस शो की रनरअप रहीं।



# 13 दिसंबर को 'डिस्पैच' होगी मनोज बाजपेयी की फिल्म



पिछली बार अभिनेता मनोज बाजपेयी फिल्म 'भैया जी' में नजर आए थे, जिसमें उनकी अदाकारी की तो खूब तारीफ हुई, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह औंधे मुंह गिरी। यह फिल्म ZEE5 पर उपलब्ध है। अब मनोज जल्द ही फिल्म 'डिस्पैच' में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान कानू बहल ने संभाल है। अब 'डिस्पैच' की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है। इसके साथ निर्माताओं ने फिल्म का टीजर जारी कर दिया है, जिसे प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं।

### ZEE5 पर इस दिन रिलीज होगी फिल्म

मनोज की फिल्म 'डिस्पैच' सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि OTT प्लेटफॉर्म ZEE5 पर रिलीज होने जा रही है। फिल्म का प्रीमियर 13 दिसंबर, 2024 से ZEE5 पर होगा। निर्माताओं ने टीजर साझा करते हुए लिखा, 'सच्चाई का पीछा करना कभी आसान नहीं होता, लेकिन यही एकमात्र चीज है जो मायने रखती है।' मनोज के अलावा इस फिल्म में शहाना गोस्वामी, अर्चिता अग्रवाल और रितु पर्णा सेन जैसे सितारों ने भी अपनी अदाकारी का तड़का लगाया है।

# तेलुगु सिनेमा में कदम रखने को तैयार धनश्री

भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाज युजवेंद्र चहल की पत्नी, डांस कोरियोग्राफर और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर धनश्री वर्मा अक्सर किसी न किसी कारण चर्चा में रहती हैं। अब उन्हें लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। दरअसल, धनश्री जल्द ही तेलुगु सिनेमा में कदम रखने जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, धनश्री फिल्म 'आकाशम दाति वास्तव' के जरिए तेलुगु सिनेमा में अपनी शुरुआत करने वाली हैं। दिल राजू इस फिल्म के निर्माता होंगे।

### फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी धनश्री

तेलुगु फिल्म 'आकाशम दाति वास्तव' में कोरियोग्राफर यश मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में जानी-मानी मलयालम अभिनेत्री कार्तिका मुरलीधरन भी अभिनय करने वाली हैं, जो 'सबा नयागन' और 'CIA' जैसी फिल्मों के लिए जानी जाती हैं। 'आकाशम दाति वास्तव' में धनश्री भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती दिखाई देंगी। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। यह एक डांस पर आधारित फिल्म होगी, जिसके लिए धनश्री सटीक बैठती हैं।

न्यूज़ ब्रीफ

### कोई कोताही नहीं होगी बर्दाश्त : अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय राजधानी में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए शुक्रवार को दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो-टूक कहा कि दिल्ली की कानून व्यवस्था में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि इस समीक्षा बैठक में अमित शाह ने कहा कि अपराध के खिलाफ सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस वाली रही है इसलिए दिल्ली की कानून व्यवस्था में किसी प्रकार की कोताही स्वीकार्य नहीं है।

### पुलिस अफसर पत्नी की पति ने की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**कन्नूर।** केरल के कन्नूर जिले में एक महिला पुलिस अधिकारी की उसके पति ने हत्या कर दी। मृतक पुलिस अधिकारी की पहचान दिव्याश्री के रूप में हुई है। खबर के मुताबिक, वह कासरगोड में सीपीओ के पद पर तैनात थीं। दोनों पति-पत्नी काफी समय से अलग रह रहे थे। इस घटना के बाद वलापट्टनम पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर मामले की जांच में जुट गई है। कन्नूर जिले में पुलिस अधिकारी की मौत से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। हत्या की यह घटना 22 नवंबर की शाम 6 बजे के करीब करिवेल्लूर हुई। महिला पुलिस अधिकारी को जान से मारने वाले आरोपी पति का नाम राजेश बताया जा रहा है। बता दें कि, सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से दिव्याश्री की मौके पर ही मौत हो गई।

### चीन सीमा तक जाएगी भारत की ट्रेन

**चंपावत।** भारतीय रेलवे चीन की सीमा तक ट्रेन चलाने की तैयारियां जोर शोर के साथ कर रही है। जल्द ही उत्तराखंड में चीन सीमा तक भारतीय रेल दौड़ती नजर आएगी। इसे चंपावत जिले के टनकपुर से बागेश्वर के बीच बनाया जाना है। 169 किमी लंबी रेल लाइन के लिए सर्वे का काम लगभग पूरा हो चुका है। ये रेल लाइन हिमालय के पहाड़ों के बीच से गुजरते हुए चीन सीमा से लगते पिथौरागढ़ और बागेश्वर तक जाएगी। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि, ये नई रेल लाइन बहुत ही अहम हैं। क्योंकि पिथौरागढ़ जिला नेपाल व चीन के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा से जुड़ा है। जबकि टनकपुर भारत-नेपाल सीमा से लगता इलाका है। यह स्टेशन उत्तराखंड में नेपाल सीमा पर भारत का आखिरी रेलवे स्टेशन भी है। रेलवे ने इस रूट पर सर्वे के साथ पिलर लगाने का काम भी शुरू कर दिया है।

### शीर्ष कोर्ट ने टाली मेनका गांधी की याचिका पर सुनवाई

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर से सपा उम्मीदवार के चुनाव के खिलाफ मेनका गांधी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई टाल दी। अब उनकी याचिका पर दो दिसंबर को शीर्ष कोर्ट सुनवाई करेगी। मेनका गांधी की याचिका पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ सुनवाई कर रही थी। पीठ ने इस दौरान मेनका गांधी का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा से देरी की माफी के लिए आवेदन का पता लगाने और उसे रिकॉर्ड पर रखने के लिए कहा। देरी की माफी का मतलब अपील दाखिल करने के लिए निर्धारित समय सीमा को बढ़ाने के लिए अदालत की विवेकाधीन शक्ति से है।

# अदाणी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट संभव

## अदाणी तथा उनके भतीजे सागर अदाणी सहित सात अन्य पर अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप

एजेंसी । न्यूयॉर्क/नई दिल्ली

भारतीय उद्योगपति गौतम अदाणी और सात अन्य के खिलाफ मामला काफी आगे बढ़ सकता है और इससे गिरफ्तारी वारंट जारी होने के साथ प्रत्यर्पण के प्रयास भी हो सकते हैं। करीब 2200 करोड़ रुपए के रिश्वतखोरी मामले में अमेरिका में दीवानी और आपराधिक आरोप दायर किए जाने के बाद, अमेरिका के एक प्रमुख अटॉर्नी ने यह बात कही। अमेरिकी न्याय विभाग ने भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति अदाणी तथा उनके भतीजे सागर अदाणी सहित सात अन्य पर महंगी सौर ऊर्जा खरीदने के लिए आंध्र प्रदेश और ओडिशा के अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप लगाया गया है। हालांकि, इसमें अधिकारियों के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। इन परियोजनाओं से समूह को 20 साल से अधिक समय में दो अरब करोड़ डॉलर से अधिक लाभ होने का उम्मीद है। हालांकि, अदाणी समूह ने आरोपों से इनकार किया है।



### सेबी नियम उल्लंघन की जांच करेगा

बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) इस बात की जांच कर रहा है कि क्या अदाणी ग्रुप ने बाजार को प्रभावित करने वाली जानकारी का खुलासा करने से संबंधित नियमों का उल्लंघन किया है।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
Securities and Exchange Board of India

### गौतम अदाणी को तुरंत गिरफ्तार किया जाए : मल्लिकार्जुन खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को केंद्र से उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार करने का आग्रह किया। उन्होंने केंद्र सरकार पर अदाणी को बचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस आगामी संसद सत्र के दौरान इस मुद्दे को उठाएगी और आरोपों की जांच की मांग करेगी। खरगे ने यहां संवाददाताओं से कहा, चूंकि वह (अदाणी) भारत में हैं, इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए और गिरफ्तार किया जाना चाहिए। सरकार को सब पता है, इसलिए उन्हें भ्रष्टाचार के मामलों में उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।

### राहुल गांधी सही हैं, अदाणी को गिरफ्तार किया जाए : लालू प्रसाद



राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने भ्रष्टाचार के आरोपी उद्योगपति गौतम अदाणी की तत्काल गिरफ्तारी की कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मांग का पुरजोर समर्थन किया है। कांग्रेस के पुराने सहयोगी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू ने संवाददाताओं से कहा कि राहुल गांधी सही हैं। अदाणी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। राजद अध्यक्ष ने झारखंड में विपक्षी इंडिया गठबंधन की संभावनाओं पर कहा कि मैं अपने उस बयान पर ध्यान केंद्रित करना चाहूंगा कि अदाणी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं झारखंड में नई सरकार के बारे में ज्यादा चिंतित नहीं हूं, वहां हम पहले से ही सत्ता में हैं।

# मैरिज सार्टिफिकेट जारी नहीं कर पाएगा वक्फ बोर्ड

## हाई कोर्ट ने सस्पेंड किया यह अधिकार

एजेंसी । बेंगलुरु

कर्नाटक हाई कोर्ट ने सितंबर 2023 में जारी एक सरकारी आदेश की वैधता पर सवाल उठाते हुए मैरिज सर्टिफिकेट जारी करने के वक्फ बोर्ड के अधिकार को सस्पेंड कर दिया। यह निलंबन वक्फ अधिनियम 1995 के तहत वक्फ बोर्ड की शक्तियों के दायरे पर बहस के बीच हुआ है। अदालत ने यह अंतरिम आदेश 'द हेल्पिंग सिटिजन' NGO के संस्थापक ए आलम पाशा द्वारा दायर एक जनहित याचिका (PIL) पर सुनवाई के बाद दिया। पाशा ने तर्क दिया कि मुस्लिम जोड़ों के लिए विवाह प्रमाण पत्र जारी करने में वक्फ बोर्ड की कार्रवाई उसके कानूनी अधिकार क्षेत्र से परे है।

याचिका में विशेष रूप से 30 सितंबर 2023 के एक सरकारी आदेश को चुनौती दी गई है, जिसने



जिला वक्फ बोर्डों को मुस्लिम विवाह के लिए मैरिज सार्टिफिकेट जारी करने के लिए अधिकृत किया था। पाशा ने तर्क दिया कि वक्फ अधिनियम 1995, जो वक्फ बोर्ड के लिए वैधानिक ढांचे को रेखांकित करता है, बोर्ड को ऐसे कार्य करने का अधिकार नहीं देता है।

### सरकारी आदेश को रद्द करने की अपील

उन्होंने दावा किया कि यह कदम 'अल्ट्रा वायर्स' (कानूनी अधिकार से परे) था और अदालत से सरकारी आदेश को रद्द करने का अनुरोध किया। इस दौरान उन्होंने वक्फ बोर्ड की कानूनी जिम्मेदारियों पर भी स्पष्टता मांगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसकी प्राथमिक भूमिका वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन करना है, न कि विवाहों को प्रमाणित करना।

# सुक्खू सरकार को मिली 'सुप्रीम' राहत


## सीपीएस मामला : सुप्रीम कोर्ट ने हाइकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

एजेंसी । दिल्ली/शिमला

हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार को बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने 6 सीपीएस को डिसक्वालिफाई करने वाले हिमाचल हाइकोर्ट के आदेश पर फिलहाल रोक लगा दी है। गौरतलब है कि हाइकोर्ट ने हिमाचल प्रदेश के सीपीएस एक्ट 2006 को असंवैधानिक करार देते हुए निरस्त कर दिया था। साथ ही सभी 6 मुख्य संसदीय सचिवों को पद से हटाने और सभी सुविधाएं वापस लेने के आदेश जारी किए थे। इस आदेश के खिलाफ हिमाचल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल सरकार को हाइकोर्ट के आदेश पर रोक लगाते हुए सराकर की याचिका पर नोटिस जारी किया है। साथ ही सरकार से कहा है कि मुख्य संसदीय सचिवों की कोई नई नियुक्ति ना करे।

### चीफ जस्टिस की बेंच में हुई सुनवाई





हिमाचल सरकार की याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की बेंच ने सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने संसदीय सचिवों को हटाने के हाइकोर्ट के आदेश पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि इस बीच विधायकों की मुख्य संसदीय सचिव के रूप में कोई नियुक्ति नहीं होनी चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में सभी प्रतिवादियों से दो हफ्ते में जवाब मांगा है। हिमाचल सरकार की ओर से सीनियर वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने पक्ष रखा। हिमाचल सरकार ने अपील में छह संसदीय सचिवों की नियुक्ति को अधिकृत करने की मांग की है। सरकार की ओर से कहा गया है कि उच्च न्यायालय का आदेश ₹कानून की दृष्टि से गलत₹ है और उच्च न्यायालय के निर्देश पर रोक लगाने की मांग की गई थी।

# अरविंद केजरीवाल का 'रेवड़ी पर चर्चा' अभियान




एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी (AAP ) संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को AAP के 'रेवड़ी पर चर्चा' अभियान की शुरुआत की। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव सिर पर हैं। हम आज से 'रेवड़ी पर चर्चा' अभियान की शुरू करने जा रहे हैं। पूरी दिल्ली में 65 हजार मीटिंग की जाएंगी। हमारी सरकार की 6 मुफ्त की 'रेवड़ियों' वाला पर्चा बांटेंगे।


### 'हमने 6 मुफ्त सुविधाएं दी'

उन्होंने कहा- हमने दिल्ली में बहुत काम किया है। हमने दिल्ली के लोगों को 6 मुफ्त सुविधाएं 'रेवाड़ियां' दी हैं। हम दिल्ली के लोगों से पूछना चाहते हैं कि उन्हें ये 'रेवाड़ियां' चाहिए या नहीं चाहिए। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी 2025 को खत्म हो रहा है। पिछला विधानसभा चुनाव फरवरी 2020 में हुआ था, जिसमें आम आदमी पार्टी ने पूर्ण बहुमत हासिल किया था और 70 में से 62 सीटें जीती थीं।

# जम्मू में अप्रवासी कश्मीरी पंडितों की दुकानों पर चला बुलडोजर

एजेंसी । श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में कश्मीरी पंडितों की दुकानों पर बुधवार को बुलडोजर चलाया गया। जम्मू विकास प्राधिकरण (JDA) ने जम्मू शहर में मुठी कैंप के पास स्थित कश्मीरी पंडितों की दर्जन भर दुकानों को ढहा दिया। ये दुकानें लगभग तीन दशक पहले विस्थापित कश्मीरी पंडितों ने बनाई थीं।



### JDA ने बिना नोटिस कार्रवाई की, पीड़ित बोले- हम 90 के दशक में वापस आ गए

लोगों का कहना है कि दुकानों को बिना नोटिस दिए ढहा दिया गया। हम 90 के दशक में वापस आ गए हैं। लोग पिछले तीन दिन से विरोध कर रहे हैं। वह JDA के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। JDA का कहना है कि दुकानें उनकी जमीन पर बनी थीं।

### जल्द ही दुकानें बनाकर प्रभावितों को दी जाएंगी : आयुक्त

आयुक्त अरविंद करवानी ने घटनास्थल का दौरा किया और प्रभावित परिवारों को आश्वासन दिया कि उनके लिए नई दुकानें बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि JDA ने मुठी कैंप फेज-2 में एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए टेंडर जारी किया है। जल्द ही दुकानें बनाकर प्रभावितों को दी जाएंगी।

# प्रदूषण पर दिल्ली सरकार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

## सुप्रीम कोर्ट बोला-दिल्ली सरकार की कोशिशों से संतुष्ट नहीं




एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में प्रदूषण को लेकर शुक्रवार को दिल्ली की AAP सरकार को फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'दिल्ली सरकार की कोशिशों से हम संतुष्ट नहीं हैं। सरकार ने ट्रकों की एंट्री रोकने के लिए भी कुछ नहीं किया है। 113 एंट्री पॉइंट पर सिर्फ 13 CCTV क्यों हैं। केंद्र सरकार इन सभी एंट्री पॉइंट्स पर पुलिस तैनात करे। एक लीगल टीम बनाई जाए जो यह देखे कि क्या वाकई में वाहनों की एंट्री पर रोक लगाई जा रही है या नहीं। इसके लिए हम बार एसोसिएशन के युवा वकीलों को तैनात करेंगे।'

### 25 नवंबर को होगी अगली सुनवाई

जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने प्रदूषण कंट्रोल करने के लिए दिल्ली सरकार के कदम को लेकर आपत्ति जताई है। आदेशों के बावजूद दिल्ली पुलिस स्टेज 4 के प्रतिबंध समय पर लागू कराने में विफल रही। GRAP-4 के प्रतिबंध कम से कम 3 दिन और लागू रहने चाहिए। मामले की अगली सुनवाई 25 नवंबर को होगी।

एनकाउंटर › सभी के शव और ऑटोमैटिक हथियार बरामद

# सुकमा में भीषण मुठभेड़ , सुरक्षाबलों ने मार गिराए 10 नक्सली

एजेंसी । सुकमा

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में एंटी नक्सल ऑपरेशन लगातार जारी है। इसी क्रम में कोंटा ब्लाक के भेज्जी इलाके में शुक्रवार की सुबह डीआरजी जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे गए हैं। सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। वहीं घटनास्थल से 3 ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद किए गए हैं। जवानों को सूचना मिली थी कि, नक्सली ओडिशा के रास्ते छत्तीसगढ़ में दाखिल हो रहे हैं। उन्हें रोकने के लिए ही जवानों की एक टुकड़ी निकली हुई थी। फिलहाल सर्चिंग जारी है।



### ये हैं मारे गए नक्सली

मिली जानकारी के अनुसार, जिला सुकमा के कोंटा और किस्टाराम एरिया कमेटी के नक्सली सदस्यों की आसूचना पर डीआरजी और सीआरपीएफ की टुकड़ी रवाना हुई। सुकमा के भेज्जी के पहाड़ी में मुठभेड़ हुई। इसमें 10 नक्सली मारे गए। वहीं इंसास राइफलस एके 47 राइफल और एसएलआर राइफल सहित कई ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों के नाम- दुधी मासा (DVCM), मडवी लकमा (ACM), डोरो कोसी (ACM), कुंजम बमन, काटम कोसा (PLGA कंपनी 8 कमांडर), दुधी हुंगी (दुधी मासा की पत्नी)। इनके अलावा अन्य 4 नक्सलियों की पहचान अभी बाकी है। बरामद हथियारों में- AK-47 (1), SLR (1), INSAS (1) सिंगल शॉट गन (1), पिस्टल (1)।

### सीएम साय ने जवानों की सराहना की

वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुरक्षाबलों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, उनकी सरकार नक्सलवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि, बस्तर में विकास, शांति और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### सुनियोजित तरीके से खात्मे की ओर बढ़ रहे

मुख्यमंत्री साय ने सुरक्षाबलों को उनके अदम्य साहस और समर्पण के लिए बधाई देते हुए कहा कि, छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का सफाया निश्चित है। उन्होंने आगे कहा कि, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलियों के सफाये का लक्ष्य रखा है। हमारे जवान अपने लक्ष्य की ओर सुनियोजित तरीके से आगे बढ़ रहे हैं।

### ग्रामीण बस्तर में शांति चाहते हैं : गृहमंत्री विजय शर्मा

सुकमा में 10 नक्सली मारे गए हैं। इस पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि, सुकमा जिले के भेज्जी क्षेत्र में जवानों की नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। मारे गए सभी नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए नक्सलियों की संख्या जनवरी से अब तक 212 पहुंच गई है। इस मुठभेड़ में बड़ी बात यह है कि, जवानों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सभी सुरक्षित हैं। उन्होंने आगे कहा कि, अब ग्रामीण बस्तर में शांति चाहते हैं। वे चाहते हैं नक्सलवाद खत्म हो जाए। गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कह दिया है कि, मार्च 2026 तक नकस्लवाद समाप्त हो जाएगी।

रेणुकास्वामी हत्याकांड

# एक्टर दर्शन की बढ़ेंगी मुश्किलें!



एजेंसी । बेंगलुरु

कर्नाटक में रेणुकास्वामी हत्याकांड मामले में कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीप श्रीनिवास की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। कामाक्षीपाल्या थाना पुलिस रेणुकास्वामी मर्डर केस की जांच पूरी कर चुकी है। खबर के मुताबिक, पुलिस आगे दर्शन और अन्य आरोपियों के खिलाफ अतिरिक्त आरोप पत्र दाखिल करने की तैयारी कर रही है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस आज या कल अतिरिक्त आरोप पत्र दाखिल कर सकती है। चित्रदुर्ग के रेणुकास्वामी मर्डर केस में संबंध में पुलिस ने पहले ही 4 हजार पन्नों का आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। अब 1 हजार 300 पन्नों का अतिरिक्त आरोप पत्र दाखिल करेगी। जिसमें 30 से अधिक गवाहों, एफएसएल और अन्य तकनीकी जांच दस्तावेज सहित 40 से अधिक साक्ष्य शामिल होंगे।